VOL. VIII PART-I FEBRUARY 2002 (BI-MONTHLY)

JOTI JOURNAL

न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान

उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007

JUDICIAL OFFICER'S TRAINING INSTITUTE
HIGH COURT OF MADHYA PRADESH
JABALPUR-482 007
☎ 325995

संपादकीय

चैतन्य चिन्तन

भाई नामजोशी जी आप प्रशिक्षण कक्षाओं में बार–बार चैतन्य अवस्था शब्दों का प्रयोग करते हो, दादा नामजोशी आप कक्षाओं में हर समय चिन्तन शब्द का प्रयोग करते हो लेकिन उसकी व्याख्या नहीं करते हो। ये बात कई न्यायिक बंधु हर हमेशा कहते हैं। सही है। 'ज्योति' में भी ये शब्द नहीं हों तो पत्रिका की पूर्णता नहीं हो पाती है।

पूर्णता तक किसी बात को पहुंचाना लगभग असंभव है, एक सामान्य व्यक्ति के लिए।

औसत दर्जे के व्यक्ति के लिए ही फिर गढ़ी गई नीति कथाएँ भी हैं। इन कथाओं में जातक कथाएँ, पंचतंत्र, इसाप नीति, हितोपदेश आदि हैं। बिरला व्यक्ति ही होगा जिसने इन नीति कथाओं को नहीं पढ़ा होगा।

खरगोश एवं कछुए की कथा है। कथा काल्पनिक हो सकती है पर उसमें जीवन का निचोड़ है यह वस्तुस्थिति है ऐसा माना जा सकता है।

खरगोश बहुत तेज गति से दौड़ता है एवं कछुआ तो ऐसा चलता है कि मानों वह वृद्ध है एवं गठिया रोग से ग्रस्त है।

जी हां आपकी चालढाल यह शारीरिक स्थिति हो सकती है लेकिन मानसिक स्थिति स्वस्थ एवं परिपूर्ण हो, आत्म विश्वास भरा व्यक्तित्व हो एवं निर्धार हो तो फिर क्या बात है पंगु भी पर्वतारोहण कर सकता है।

यह विश्वास की बात है। सवाल पैरों के गठियाप़न का नहीं है। नापने को तो वामन जैसे लघु आकार वाले ने भी सम्पूर्ण धरती नाप ली बिना प्रयास के।

तो कछुआ चाल चलते हुए भी खरगोश को मात देना यह बताता है कि मनुष्य ने आरम्भ शूर नहीं होना है कि शुरू में तो तीव्रगति रखी व बाद में ढेर होकर सुस्ता गए। कछुआ विश्वास के साथ चला। उसने अपना जमीनी रिश्ता नहीं तोड़ा पैर जमीन पर रहे, उछलकूद नहीं की व अन्तिम लक्ष्य तक पहुंचा।

निर्धार निश्चय संकल्प की भावना है जो हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाती है यही इस नीतिकथा का बोध है।

हम आपकी कितनी ही बड़ी–बड़ी आशाएँ हो सकती हैं। लेकिन छोटी है आशा–आसमानों को छूने की आशा– फूलों व कलियों से मिलने की आशा बस। इतनी ही पर्याप्त है।

इस मनोवांछा, कामना को प्राप्त करना कोई कठिन काम नहीं है। सीधा सादा मार्ग अपनाईये। भटकने की जरूरत नहीं है न मार्ग से पथभ्रष्ट होने की जरूरत है।

पथभ्रष्ट न होने का अर्थ ही है कि जो कार्य हमारे से अपेक्षित है वह कार्य न्याय्य मार्ग से करेंगे।

भर्तृहरि–नीतिशतक में कहते हैं;

निन्दन्तु नीतिनिपुणाः यदि वा स्तुवन्तु,
लक्ष्मीः समविशतु कच्छन्तु वा यथेष्टम।
अद्य एव वा मरणम् अस्तु युगान्तरेवा,
न्याय्यात पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः।।

अर्थात

निंदा करे कोई या प्रशंसा कोई,
लक्ष्मी रहे या न रहे कभी भी।
मृत्यु आए अभी या फिर और कभी,
न्याय मार्ग छोड़ सज्जन जाते नहीं।।

(देखें ज्योति दिसम्बर 1996 पृष्ठ 2)

कछुआ चला और चलता गया। उसके मन में इस बात का मलाल या कटुता नहीं रही कि खरगोश तो कूदता–फांदता, चौकड़िया भरता दौड़ रहा है तो वह जीतेगा। कछुए जैसा धीरज विश्वास, निर्धार ही उसे पार लगाने में सक्षम है। बिचारा निरीह प्राणी यदि बोलता भी हो तो हमें समझ में नहीं आता होगा पर फिर भी वह मौन रहकर असर छोड़ जाता है। कछुए का संदेश है दौड़ो, गति से नहीं, गतिमान होकर चुनौती देते हुए वामन के पैरों की क्षमता पैदा होने दें।

यह मौन ही उसका चिन्तन है, चैतन्य है तो यही उसकी चेतना है।

चिन्तन एवं चैतन्य केवल कोरे शब्द नहीं है। उसमें भाव है, भावना है, आशा है, अपेक्षा है, आर्तनाद है, परहित निहित है।

कक्षा में धारा 148 व्य.प्र.स. पढ़ा रहा था व बता रहा था कि **न्यायालय ने** यदि कोई समय निर्धारित किया है तो उसे बढ़ाने का अधिकार है। आ. 6 नि. 18 एवं आ. 21 नि. 85 की तुलना भी कर के बता रहा था। जिस किसी प्रशिक्षु को प्रावधान पढ़ने को कहता तो वह ऐसे पढ़ता कि मानों पूजा करवाने आए पंडितजी मंत्रोच्चार कर रहे हो या अखंड रामायण का तीव्रगति से पाठ करने वाली मंडली रामायण की चौपाईयाँ पढ़ रही हो। अर्थहीन पढ़ना, भाव रहित पढ़ना ही खरगोशीय वृत्ति है। अर्थात लक्ष्यहीन कृत्य है। उन वाक्यों को कितनी भी बार पढ़ो ओंधे घड़े पर पानी ही पड़ना है।

लेकिन जब हम कहते हैं कि चैतन्य अवस्था में पढ़ो तो पढ़ने वाला पढ़ता है "Where any period is fixed or granted **by the Court**....." तब उसे Court शब्द पर रोक देते हैं व कहते हैं कि इस धारा के बाजू में लिखो **Code**। अब Code शब्द बाजू में लिखाने के पश्चात बताते हैं यदि समय **Code ने निर्धारित किया है** तो समय बढ़ाने का अधिकार Court को नहीं है क्योंकि धारा 148 में Court शब्द आया है Code शब्द Court की जगह स्थानापन्न मत करो। अर्थात जहां Court ने समय निर्धारित किया है या दिया है न कि Code ने तो समय बढ़ाने का अधिकार न्यायालय को है। ये ही चैतन्य अवस्था है। एक और उदाहरण।

आदेश 39 नि. 3 में लिखा है;

a) The Court Shall in all cases,

b) Except where it appears that the object of granting injunction would be defeated by the delay.

c) before granting injunction,

d) direct notice of the application for the same to be given to the opposite party.

अब इस प्रावधान को पढ़ना है तो ऐसा पढ़े। प्रथमतः ए भाग फिर सी, डी भाग। यदि आप एक पक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहते हो तो ये भाग पूर्ण हो गया अब आपको एक पक्षीय अस्थायी निषेदाज्ञा देना नहीं है तो न देने के लिए कोई कारण दर्शाना नहीं है। देना चाहते हो तो ए.सी.डी.बी भाग पढ़ो तो पता लग जाएगा कि एक पक्षीय निषेदाज्ञा देने हेतु क्या आधार है।

उक्त आ. 39 नि. 3 के प्रोव्हिजो में आगे लिखा है Shall record the reason's for its (Court's) opinion अर्थात कौन से ऐसे कारण हैं जिस पर से एक पक्षीय निषेदाज्ञा दी जा रही है उन कारणों को अभिव्यक्त करो। केवल यह नहीं लिखना है कि कारण उचित है अतः..... । कौन से कारण हैं जो न्यायालय के मत में उचित है उन्हें लिखना है। स्पष्ट है कि एक पक्षीय अस्थायी निषेदाज्ञा न देने हेतु किसी भी कारण का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन प्रावधान को कल्पकता से पढ़ा जावे तो ज्ञात होगा कि हम ठीक उल्टा काम करते हैं।

मित्रों इन्हीं बातों को चैतन्य अवस्था में, चिन्तन करके पढ़ने को ही हम चेतना, स्थित प्रज्ञ अवस्था, साधक अवस्था, अनुभूति की अवस्था, आंतरिक ज्ञान की अवस्था, जागृत अवस्था, मनश्चेतना, अभिज्ञ मन, आदि कहते हैं और इसके विपरीत है अवचेतनमन।

मित्रों ने दूसरा शब्द बताया चिंतन। इसके भी कई पारिभाषिक शब्द हैं। जैसे अवधान (एक चित्त) एकाग्रता, मनन, ध्यान केंद्रण, लीनता, समाधिस्थता आदि।

अतः इन शब्दों का लक्ष्य एवं उद्देश्य यहीं है कि शब्द मात्र ध्वनि करते है प्रतिध्वनि करने की शक्ति कम रखते हैं, वे चुभेंगे जरूर पर प्रेरणा देने का काम तब तक नहीं करेंगे जब तक उस ध्वनि को हम लयबद्ध और संगीत पूर्ण नहीं बनाएंगे। शब्दों का चुभना तो सामान्य बात है उसके लिए लय की आवश्यकता नहीं। जैसे ही शब्दों में लय उत्पन्न होगी वे जीवन को आकार देंगे, गति देंगे, वे मन, मस्तिष्क पटल पर अंकित होंगे।

जैसा कि कहा जाता है रैदास पादत्राण सीते थे। सीना भी ध्यान के कारण ही संभव है। जब उनका ध्यान अवधान हुआ तो रैदास ध्यान की आत्मा में खो गए और स्वरों में डूब गए। लय अर्थात धुन, प्रवाह सुर युक्त स्वर।

दोस्तों यहीं मेरा चैतन्य चिन्तन है। यहीं मेरे लिए चेतना के स्वर है यहीं है जो मुझे पढ़ने–पढ़ाने में सहायक है जैसे ये जीवन है, इस जीवन का यही है रंग रूप। यह जीवन चैतन्य चिंतन से निखरता है चमकता है लेकिन चुभता नहीं है अलख जगाता है।

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

दूसरा पहलू

बसंत बहार

शीतकाल बिदा ले रहा है और बसंत ऋतु का आगमन हो गया है। धरती माता ने भी चारों तरफ अपनी चमक–दमक फैला दी है फूलों कलियों एवं खुशबुओं की बहार है। सबसे सुंदर मौसम है न गर्मी की तपन न सर्दी की चुभन। ऐसे में हम सबका मन भी उमंग उत्साह से भर गया है। ऐसा लगता है कि सारा जहां हमारी तरह खुश है।

सही है मौसम का असर हम सबको प्रभावित करता है। मन स्वस्थ हो प्रसन्न हो तो कोई भी मौसम खुशी देता है। हम आप रोज ही इसका अनुभव करते आ रहे हैं यह कोई नई बात नहीं है तो पुरानी बात भी नहीं है। हर दिन नया है हर रात नई है। केवल 1 जनवरी को नया वर्ष मनाने से या 31 दिसम्बर को पुराने वर्ष को बिदाई देकर यदि हम साल की शुरूआत या समाप्ति करते हैं तो यह एक परिपाटी को निभाते भर हैं उसका सही अर्थ नहीं समझते हैं उसका सही उपयोग नहीं करते हैं।

अभी कुछ दिन पूर्व की ही बात है हम दोनों बैठे बात कर रहे थे। मैंने कहा मैं बचपन से देख रही हूं कि पूर्णिमा का चांद, रोज का सूर्योदय व सूर्यास्त, सुबह शाम–रात में कोई परिवर्तन अनुभव नहीं किया। सब कुछ वैसा ही चल रहा है नियमित लयबद्ध तरीके से एक अनुशासन से बंधा हुआ। जबकि जंगल कटने से धरती मां का आंचल छोटा हो रहा है। मकानों व बस्तियों की भीड़ बढ़ रही है इसके कारण जो प्राकृतिक स्त्रोत पानी का है हवा का है वह कम हो गया है इसका असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। असंतुलन के कारण वर्षा कम हो गई है। फसलें प्रभावित हो रही हैं। ठंड का असर भी कम हो गया है। यह सब एक दिन में नहीं हुआ है या इसके लिये कोई एक जिम्मेदार नहीं है हम सब पर इसका दायित्व है।

हम जो जहां जिस स्थान पर जिस पद पर हैं उसको हमें निष्ठा से करना है। जैसे हम सोते हैं, भोजन करते हैं, सुख से रहने की जीने की आकांक्षा में सोचते–विचारते हैं। हमें भी प्रकृति के अनुशासन व नियमितता को अपने जीवन में उतारना है तभी जमीन पर व जीवन में संतुलन कायम रह सकेगा। पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है। अपने आपको बचाना है और इसके लिए हमारी सबसे अच्छी शिक्षिका, दोस्त, माता, हमारी प्रकृति हमारी धरती माता, चांद, सूरज, सितारे हैं। जो वर्षों से एक लय में अपना–अपना काम उसी उमंग व उत्साह से कर रहे हैं। जब धरती पर पहली बार सूरज, चांद उगा होगा, पहली बार वर्षा हुई होगी वही आनंद तबसे आज तक कायम है और इसका कारण केवल नियमितता, अनुशासन, निष्ठा अपने कार्य के प्रति ईमानदारी ही है। सोना जितना पहले मूल्यवान था आज भी उतना ही मूल्यवान है। वैसे ही हीरा उसे अपना मूल्य बताने के लिये बोलना नहीं पड़ता वैसा ही मूल्य, योग्यता, क्षमता, मेहनत, परिश्रम, का है ये सब कालजयी हैं। ये कभी नष्ट नहीं होते कभी खत्म नहीं होते हैं ये अखंड ज्योति के समान हैं। हमेशा चमकते हैं।

बसंत के उल्लास भरे वातावरण को हम अपना सहारा बनायें। अपना कार्य, अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह पूर्ण करने के लिये अपनी सारी शक्ति, अच्छाई को अपना दोस्त बनायें तो हम अपने जीवन को सार्थक कर सकते हैं। आपने सूखे हुए फूल को देखा होगा चाहे वह गुलाब का हो या जंगली। फूल सूखने के बाद भी उसमें उसका रंग उसकी निजता उसकी सुगंध बनी रहती है। बस यही है बसंत की व जीवन की सार्थकता। प्यारे दोस्तों बसंत की रौनक चमक–दमक आपके जीवन को उत्साह उमंग से भर दे इन शुभकामनाओं के साथ फिर मिलेंगे।

सौ. मंजू नामजोशी

प्रगति की ओर

व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 सन 1999–2000 के नियुक्त न्यायाधीश गण का प्रशिक्षण का तीसरा व अन्तिम दौर दिनांक 15–10–2000 से 12–1–2002 तक चला। उक्त कालावधि में चार सत्रों में लगभग एक सौ व्यवहार न्यायाधीश प्रशिक्षण हेतु इस संस्था में पधारे। अंतिम दो सत्रों में अधिकांश न्यायाधीश छत्तीसगढ़ क्षेत्र से थे।

उक्त सत्रों में माननीय न्यायाधिपति (सेवानिवृत) श्रीमान आर.पी. अवस्थी साहेब की उपस्थिति सतत् रूप से रही। उनके मार्गदर्शन में व्यवहार प्रकरणों में अभिवचन, वाद प्रश्न निर्मित करना, साक्ष्य लिपिबद्ध की जाना, आदेश एवं निर्णय लेखन जैसे विषयों पर सारगर्भित रूप से चिन्तन हुआ तो अपराधिक प्रकरणों में चार्ज निर्मित करना अभियुक्त परीक्षण, साक्ष्य का लिपिबद्ध किया जाना एवं निर्णय तथा आदेश लेखन जैसे विषयों पर वैचारिक रूप से विचार विनिमय हुआ।

दोनों ही प्रकार के प्रकरणों की आदेशिकाएँ कैसी लिखी जाना है तथा सिविल प्रकरण संस्थित होने पर अभिवचनों का परीक्षण एवं औपचारिक आदेश कैसे लिखना यह बताया गया तो अपराधिक प्रकरणों में प्रस्तुति पश्चात कैसी कार्यवाही की जाएगी ये बताया गया। दोनों ही प्रकार के प्रकरणों में साक्ष्य का क्रमबन्धन, साक्ष्य का मूल्यांकन व परीक्षण किस प्रकार से होता है इस विषय पर स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन दिया गया। धीर–गंभीर व विनम्र प्रकृति के धनी माननीय अवस्थी महोदय का मार्गदर्शन बहुत ही सटीक, सुस्पष्ट व चिंतन योग्य रहा है तथा प्रत्येक स्तर के न्यायाधीश बंधुओं ने उनसे ऐसा अलभ्य लाभ प्राप्त किया है।

माननीय न्यायाधिपति श्रीमान एस.एस. झा महोदय की भी अलभ्य उपलब्धि इस संस्था को रही है। उन्होंने जो विचार संस्था में आकर व्यक्त किए थे वे वास्तव में व्यवहारिक थे व प्रत्येक न्यायाधीश के न्यायिक जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव से सम्बन्धित थे। देय परिस्थिति में न्यायाधीश ने किस प्रकार से कार्य करना चाहिए ये बात माननीय एस.एस. झा महोदय ने बखूबी बताई। उनके विचारों को **दिसम्बर 2001 की ज्योति पत्रिका में पृष्ठ संख्या 394 से 399** में अविकल रूप से प्रकाशित किया है।

माननीय न्यायाधिपति एवं अध्यक्ष न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान श्रीमान व्ही.के. अग्रवाल साहेब ने इस सत्र श्रृंखला का समापन भाषण दिया था जिस के महत्वपूर्ण अंश अगली पत्रिका में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। न्यायाधीश का व्यवहार, व्यक्तित्व, सामाजिक स्थिति, दायित्व बोध एवं उसका निर्वाह जैसे गंभीर विषय पर उनके सहज विचार थे।

माननीय न्यायाधिपति श्रीमान नारायण सिंह 'आजाद' महोदय भी प्रशिक्षण सत्र में पधारे थे। माननीय महोदय ने न्यायालय की महत्ता को बताते हुए कहा कि न्यायालयों द्वारा पारित आदेश जब अंतिम रूप धारण कर लेते हैं तो सभी के लिए बाध्य होते हैं। यह बाध्यता राजा एवं रंक में अंतर नहीं करती। ईश्वर के प्रतिनिधि के रूप में न्यायाधीश कार्य करता है इसलिए किसी और व्यक्ति से चाहे वह किसी भी पद पर आसीन हों या न हो तुलना करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि न्यायाधीश के पद की व गरिमा की तुलना किसी से नहीं की जा सकती।

आचरण के सम्बन्ध में माननीय 'आजाद' महोदय ने कहा कि न्यायाधीश का आचरण हमेशा सौम्य हो, शालीन हो। सर्व साधारणजन न्यायाधीश के व्यवहार की तुलना साधु संतों के व्यवहार व आचरण से करते हैं। समय पर न्यायालय में आना, तनाव से मुक्ति, निर्णयों की गुणवत्ता, सौम्य वेशभूषा से सम्बन्धित मुद्दों पर भी चर्चा की। उच्च पदस्थ व्यक्तियों के साथ सम्बन्धों पर (Hobnobing) (Pegorative meaning) भी विचारों को व्यक्त किया व कहा कि ऐसे सम्बन्ध भविष्य में नुकसान पहुंचाते हैं।

प्रकरणों के सुनते समय किसी भी प्रकार की पूर्व धारणा बनाकर न बैठना श्रेयस्कर है ऐसा भी माननीय श्री नारायण सिंह 'आजाद' महोदय ने कहा। न्यायालयों में साक्ष्य का लिपिबद्ध करना, विलेखों का रिकार्ड पर लेना, आदेशों का व निर्णयों का लिखना एवं अन्य प्रक्रिया सम्बन्धी विषयों पर भी सारवान चर्चा कर प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शित किया।

माननीय न्यायाधिपति महोदय श्रीमान पी.सी. अग्रवाल साहेब ने दो–दो प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से नियम एवं आदेश सिविल एवं अपराधिक को आधार बनाते हुए व उससे सम्बन्धित नियमों व सिविल एवं अपराधिक प्रक्रिया विधि के प्रावधानों के साथ मेल जोल करके निर्णय कैसे लिखे जाना है, उसका उद्देश्य क्या है, निर्णय क्यों लिखा जाता है व किसके लिए लिखा जाता है जैसे गंभीर शैशिक विषय पर सुबोध व बोधगम्य एवं सूत्रबद्ध सहज रूप से बताया। माननीय अग्रवाल महोदय ने निर्णय की लेखन शैली पर विशेष रूप से विचार प्रगट किए।

प्राध्यापक श्री प्रमोद पाण्डेय महोदय ने ज्यूरिसप्रूडन्स का व्यवहारिक पक्ष, न्यायाधीश वर्ग के लिए उसकी महत्ता, उसका अध्ययन व व्यवहारिक उपयोग इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला व कहा कि ज्यूरिसप्रूडन्स (न्यायशास्त्र) का अध्ययन ऐसा अध्ययन है जिससे व्यवहारिक क्षेत्र में कार्य करने में एवं विचारों की प्रस्तुति करने में सुलभता होती है।

अधिवक्ता एवं पूर्व लेखा अधिकारी, म.प्र. उच्च न्यायालय श्री पी.के. तिवारी जो अपने विषय में मर्मज्ञ हैं ने भी इस संस्था के माध्यम से न्यायाधीश वर्ग को लेखों के सम्बन्ध में एवं प्रशासनिक कार्य के सम्बन्ध में विद्वतापूर्ण विचार व्यक्त कर मार्गदर्शन दिया।

श्री सी.व्ही. सिरपुरकर अतिरिक्त रजिस्ट्रार, (न्यायिक) म.प्र. उच्च न्यायालय ने दं.प्र.स. की धारा 125 से 128 के प्रावधानों के आधार से भरण पोषण से सम्बन्धित विधि का विश्लेषणात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रशिक्षण काल में विभिन्न विषयों पर प्रश्नावली बनाकर प्रशिक्षुओं को दी गई थी व उन प्रश्नावलियों के आधार से प्रश्नों से सम्बन्धित विषयों पर विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षुगणों की ओर से बुलाए गए निर्णय, चार्ज, वाद प्रश्न, आदेशिकाएँ आदि का निरीक्षण हुआ व मार्गदर्शन किया गया। यह कार्य भी माननीय न्यायाधिपति श्रीमान आर.पी. अवस्थी एवं मेरे द्वारा किया गया।

प्रसन्नता की बात है कि न्यायाधीशगण, प्रशिक्षण व उसके परिणामों के बीच तालमेल बैठने लगा है यह एक आशा की किरण है। वास्तव में ये ऐसा कार्य था जो बहुत पहले ही होना था लेकिन हो रहा है यही बहुत है ऐसा मानकर प्रगति पथ पर अग्रसर होना ज्यादा लाभदायक है।

हम कौन हैं

रोज सुबह आकाशवाणी पर भजन सुनता हूँ। लाईट रहे या न रहे हम सुनते ही हैं। सुबह के कार्यक्रम में रेडियो हमारा साथी संगी है। भजन सुना, जागो मोहन प्यारे..... ! जागो शब्द के साथ याद आया कि आज से ठीक एक माह बाद फरवरी 2002 की पत्रिका प्रकाशित होना है, संपादकीय, जागते रहो एवं संस्थानिक प्रतिवदेन पूर्ण होते ही पत्रिका का प्रकाशन हो सकेगा। अतः आज जागते रहो लिखने की इच्छा हो गई तो बस प्रारम्भ कर दिया। हमारे यहां स्टाक भयंकर मात्रा में रहता है। आपूर्ति इतनी अधिक होती है कि ऐसा लगने लगता है कि भारतीय खाद्य निगम को. उनके भंडारण गृह भी छोटे पड़ते हैं वैसे ही हमारे मस्तिष्क पटल के स्मरण शक्ति को संग्रहित करने वाले सेलों (कोशिकाओं) की भी कमी हो जाती है। जहां कोई बात या वस्तु अधिकता में होती है तो अर्थशास्त्र की उपयोगिता (यूटिलिटि) का सिद्धांत लागू होता है। अतः जहां हर द्विमासिक पत्रिका में जागते रहो आना है वहां उसका प्रभाव भी उपेक्षापूर्ण ही होता है। ठीक वैसे ही जैसे रेल पटरी के पास निवास करने वालों को दिन रात गुजरने वाली ट्रेनों की आहट तक सुनाई नहीं देती। लेकिन सभी को सौभाग्य कहां कि रेल पटरी के किनारे बसने का अवसर हो। उन्हें तो ठेठ दूर की भी आवाज सुनाई देती है क्योंकि कानों की चुभन कम नहीं हुई है, संवेदनशीलता नष्ट नहीं हुई है।

इसी पत्रिका के माध्यम से **ज्योति अक्टूबर 1999 में पृष्ठ क्रमांक 375 से 381** पर न्यायालयों के नामों के शीर्षक तैयार करके दिए थे। एक ही पीठासीन अधिकारी एक से अधिक स्टेट्स से कार्य करता है। अतः जिस स्टेट्स से वह कार्य करता है उसी स्टेट्स को आदेश पत्रिका में एवं आदेश निर्णयों में लिखना चाहिए। ये बातें तब पत्रिका में लिखने का अवसर इसलिए आया कि एक विशेष न्यायाधीश ने अपने आपको विशेष सत्र न्यायाधीश के रूप में उल्लेख किया जिस कारण एक माननीय न्यायाधिपति महोदय ने मुझे इस सम्बन्ध में विचारों को व्यक्त करने हेतु कहा। एक विशेष न्यायाधीश अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ही होगा यदि वह जिले का जिला न्यायाधीश नहीं है। हां जिले का जिला न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश हो तो वह सत्र न्यायाधीश भी होगा। दं.प्र.सं. की धारा 9 एवं 10 का अध्ययन सहायक होगा। अतः जो विशेष न्यायाधीश है लेकिन जो जिले के जिला न्यायाधीश एवं सत्र न्यायाधीश नहीं है वे सब अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के रूप में ही कार्य करेंगे। धारा 9 के तहत सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति एवं सिलेक्शन ग्रेड मिलने का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है, यह भी विशेष रूप से ध्यान रखने योग्य है। व्यवहार न्यायाधीश जब अपराधिक प्रकरणों में कार्य करता है तो वह न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में कार्य करता है। निवेदन है कि पत्रिका का वह अंक व संदर्भित लेख पढ़ने की कृपा करें।

एक से अधिक अवसर पर यह व्यक्त किया गया है कि निर्णय में सजा अंकित करते वक्त पुस्तक खोलकर प्रावधानों को देखना है, प्रकरण की परिस्थिति, अभियुक्त का चरित्र व प्रकरण में अपराध कारित किए जाने की परिस्थिति को न केवल समझना है अपितु लिपिबद्ध भी करना है। लेकिन ऐसा नहीं होता है। यथा धारा 354 भा.दं.वि. में यदि दो वर्ष की सजा है तब न्यायालय को

कोई भी अधिकार नहीं है कि वह चार वर्ष की सजा दे। इस विषय पर एक न्यायाधीश का कहना था कि ऐसी भूल तो होती रहती है। सम्भव हो उनका कहना वास्तविक एवं सही हो। लेकिन ऐसी भूल जब अभियुक्त के गले पड़ जावे तो क्या होगा। तीन साल या तीन साल से कम की सजा दी जाती है तो सामान्य स्थिति में अभियुक्त को धारा 389 दं.प्र.सं. का लाभ मिलेगा व सजा निलंबित होगी। अन्यथा अपवादात्मक स्थिति में ही तीन साल से अधिक की सजा में आरोपी को ऐसा लाभ दिया जा सकेगा।

आरोपी की आर्थिक संपन्नता, प्रकरण की परिस्थिति, घटना जिन परिस्थिति में कारित हुई आदि बातें ऐसी हैं जो सजा की मात्रा एवं प्रकार को प्रभावित करती है अतः उसे ध्यान से समझना भी है व निर्णय में व्यक्त भी करना है यह ध्यान रहे। शब्दों का लिखना व उन्हें अभिव्यक्ति देना दो पृथक बातें हैं।

जागते रहो शीर्षक में एक बार यह लिखा था कि शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ बलात् संग करने के भारी भरकम अपराध की अत्यंत गंभीरता को ध्यान में लेते हुए तीन वर्ष की सजा से दंडित किया। जबकि सामान्य स्थिति में सजा सात साल से कम की नहीं दी जा सकती। एक माननीय न्यायाधिपति ने बुलाकर यह बात बताई थी।

यदि विशेष कारण उल्लेखित हो। (जी हां निर्णय में विशिष्ट शब्दों में दर्शित करना होंगे) तो कम सजा दी जा सकती है। लेकिन फिर भी जेल की सजा अनिवार्य है। ऐसा न हो कि धारा 376 भा.द.वि. में अर्थदंड की सजा एवं धारा 354 भा.द.वि. में निर्धारित से दो गुना जेल की सजा।

आरोपी परीक्षण (अभियुक्त कथन) धारा 313 दंड प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है। अभी उसे समाप्त नहीं किया है। प्रत्येक परिस्थिति जो अभियुक्त के विरूद्ध प्रगट हुई है के आधार से पृथक पृथक प्रश्न बनाना होते हैं। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं हो रहा है। प्रशिक्षण सत्रों में एवं अन्यथा ऐसे परीक्षण देखने से ज्ञात होगा कि एक औपचारिकता का निर्वाह मात्र हो रहा है एवं वो भी गले की बियाद (व्याधि) उतारने जैसी। एक एक प्रश्न में चार–चार पांच–पांच प्रश्नों का सम्मिश्रण। फार्मेसी वाले भी टॉनिक की दवा छोड़कर एक दो से अधिक मिश्रण करके दवा नहीं बनाते होंगे। और कमाल तो ये कि जो और जिन शब्दों में ये प्रश्न बनाए गए वे ही अभियोजन के केस के रूप में ज्यों के त्यों ठोक (रख) दिए गए। सजा के प्रश्न पर सुनना भी एक औपचारिकता रह गया है। ये भी नहीं लिखा जाता है न कारण दर्शाए जाते हैं कि प्रोबेशन का लाभ क्यों नहीं देना है। धारा 361 दं.प्र.सं. इस बात की अनिवार्यता को बताती है।

मित्रों यदि ऐसा कार्य वरिष्ठ न्यायाधीश कर रहे हैं तो किसके लिए यह सब किया जावे। वास्तव में ऐसा कर्म अश्रद्धा की एक झलक मात्र है। जहां अश्रद्धा है वहां आत्मीयता से कार्य नहीं हो सकता। न्यायदान की आत्मा ही आत्मीयता है। यदि उसका ही अभाव है तो सोचना यह है कि हम कौन है।

पहरूआ

बेहतर है जान लो

संविदा का विनिर्दिष्ट पालन - अवधि की गणना

(अनुच्छेद 54 मर्यादा अधिनियम)

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

परिसीमा अधिनियम 1963 के अनुच्छेद 54 को प्रथमतः हम पढ़ेंगे वो इस प्रकार है :

अनुच्छेद अनुक्रमांक	वाद का वर्णन 1	परिसीमाकाल 2	जब से काल चलना आरम्भ होता है 3
54	किसी संविदा के विनिर्दिष्ट पालन के लिए।	तीन वर्ष	पालन के लिए नियत की गई तारीख या यदि ऐसी तारीख नियत नहीं की गई है तो जब वादी को यह सूचना हो जाए कि पालन से इन्कार कर दिया गया है।

अनुच्छेद को पढ़ने की कला यह है कि अनुच्छेद का भाग 1 को पढ़ने पश्चात भाग 3 पढ़ना चाहिए व तत्पश्चात भाग 2। इस प्रकार संविदा के विनिर्दिष्ट पालन के लिए 2 भागों में मर्यादा काल विभाजित होता है। अर्थात दावे को कारण इस प्रकार उत्पन्न होते हैं :

(1) पालन के लिए नियत की गई तारीख या;

(2) यदि ऐसी तारीख नियत नहीं की गई है तो जब वादी को यह सूचना हो जाए कि पालन से इन्कार कर दिया है।

अतः निश्चित तारीख विनिष्ट पालन हेतु निर्दिष्ट है जैसे 01.3.2002 तो उस दिन व्यवहार पूर्ण होना चाहिए अन्यथा वादी को यह अधिकार होगा कि वह अपना दावा उक्त तारीख से तीन साल के अंदर दावा लग सकता है। इस प्रकार मर्यादा काल 02.3.2002 से 02.3.2005 तक में दावा लग सकता है। (देखें धारा 12 मर्यादा अधिनियम सपठित धारा 9 जनरल क्लॉजेज एक्ट)

जहां समय निर्धारित है ऐसा माना जाता है वहां भी अलग अलग परिस्थितियां सम्भव हो सकती हैं। जैसे एक निश्चित तारीख। जहां एक निश्चित तारीख निर्धारित की हो व उक्त तारीख को नए सिरे से बढ़ाया हो, अथवा भावी घटना के घटित होने के संबंध में कोई शर्त हो जो निश्चित रूप से घटित होने की संभावना हो जिसे हम id certum est auod certum reddi potest अर्थात that is certain which can be rendered certain.

यदि अनुबन्ध की पूर्ति हेतु विशेष समय निर्धारित नहीं है तो वादी को जब यह ज्ञात हो कि प्रतिवादी अनुबन्ध के पालन करने से इन्कार कर रहा है। ये हिस्सा ऐसा है जो तथ्यात्मक बातों के आधार से निर्धारित किया जाएगा कि प्रथम बार प्रतिवादी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कब ऐसा करने

से मना कर दिया। ***मिट्ठू खान वि. पिपरिया वाली 1985 जे.एल.जे. 169 : 1985 एम.पी.एल.जे. 119*** में कहा गया Where no date has been given in the agreement of sale, it comes under the second category. The suit should be filed within three years from the date of refusal to perform the contract.

स्तम्भ 3 में उल्लेखित द्वितीय भागानुसार कालावधि की गणना करते समय तथ्यात्मक रूप से निर्धारित करना होगा कि मर्यादा काल की गणना प्रारम्भ करने के पूर्व किसी पूर्व शर्त की पूर्णता हो चुकी है या नहीं। यदि हो चुकी है एवं फिर भी प्रतिवादी अनुबन्ध की पूर्ति करने हेतु तत्पर नहीं है तब उस दिन से जिस दिन पूर्व शर्त पूर्ण हो चुकी थी मर्यादा काल प्रारम्भ होगा। जैसे राम, श्याम को संपत्ति इस शर्त पर विक्रय करने हेतु तत्पर है कि उसका भाई अमेरिका से आ जाएगा। यह शर्त अस्पष्ट है। अतः यह निश्चित करना कठिन है कि अनुबन्ध की ऐसी कौन सी तारीख है जिस दिन मर्यादा प्रारम्भ होगी। अतः अमेरिका से भाई आने के पश्चात एवं वादी द्वारा इस संबंध में सूचना पत्र देने पश्चात भी यदि प्रतिवादी विक्रय पत्र निष्पादित करने हेतु तैयार नहीं है तब मर्यादा काल प्रारम्भ होगा। (देखें ***के. मल्लिकार्जुन वि. पररसराधि राव, ए.आई.आर. 1954 मद्रास 742*** एवं ***त्रिलोकी वि. जैतुन निस्सा, ए. आई.आर. 1922 पटना 40*** के दृष्टांत) जहां तिथि निर्धारित नहीं है वहां पर तिथि का निर्धारण (असर्टेन) तय किया जा सकता है।

इस संबंध में स्तरीय पुस्तकों के आधार से विभिन्न दृष्टांतों के संदर्भों को पढ़कर तय किया जा सकता है कि किस देय प्रकरण की परिस्थिति में मर्यादा काल की गणना कब से प्रारम्भ होगी।

रोजस्सरा वि. जानी नरोत्तम दास ए.आई.आर. 1986 सु.को. 1912 का दृष्टांत देखने योग्य है। उक्त प्रकरण में रोजस्सरा ने एक अनुबंध इस आशय का किया था कि राणा मोहब्बत सिंह उसे प्लाट बेचेगा तथा राणा उक्त कृषि भूमि को ग्राम्य भूमि में परिवर्तित करने हेतु कलेक्टर के यहां कार्यवाही करेगा, ऐसा हुआ। अनुमति 26 अगस्त 1958 को प्राप्त हुई। लेकिन आंशिक भूमि की। करार से संबंधित शेष भूमि की अनुमति 10 सितम्बर 1959 को प्राप्त हुई। इस बीच अपीलार्थी ने उक्त भूमि विक्रय करने का अनुबंध उत्तरवादी जानी नरोत्तम दास से किया था। नरोत्तम दास ने विनिर्दिष्ट सहायता चाहते अपीलार्थी के विरूद्ध दावा 6 सितम्बर 1960 को किया। सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि दावा अवधि में है। स्पष्ट है कि जैसे ही कलेक्टर से अंतिम बार 10 सितम्बर 1959 को भूमि को ग्राम्य भूमि के रूप में परिवर्तित करने की अनुमति मिली थी दावा लगाने का अधिकार उत्तरवादी का उत्पन्न हो गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा व्यवहार समाश्रित व्यवहार नहीं है (Contingent Contract)।

कालावधि के अंतिम दिन यदि दावा प्रस्तुत किया है तो इसका यह अर्थ नहीं है कि वादी ने विनिर्दिष्ट सहायता का अपना अधिकार परित्याग कर दिया है। वह अंतिम समय तक न्यायालय से बाहर सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न कर सकता है। ***एन. वेंकट रमण्णा वि. एम. नरसिंह ए.आई.आर. 1994 ए.पी. 244***।

●

बेहतर है जान लो

आरोपी को निरोध में लेना एवं सजा के प्रश्न पर सुनना

धारा 309, 248(2) एवं 235(2) दं.प्र.सं.

-पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

इसी पत्रिका में एक लेख आंशिक रूप से इसी विषय पर लिखा है कि आरोपी को सजा पर सुनने हेतु समय देना होगा तथा ***राजदेव चौहान वि. राज्य ए.आई.आर. 2001 पृष्ठ 2231*** के निर्णय का एक अंश भी प्रकाशित किया है।

उसी तारतम्य में यहां पर पूरक विषय पर संक्षिप्त टीप दी जा रही हैं। यदि आरोपी को सिद्ध दोष (गिल्टी) पाते हुए (दोषसिद्ध), दंडित (कनव्हिक्ट) किया जाता है व सजा के विषय पर जब सुनवाई की जाना है तो क्या सजा देने के पूर्व ही अभियुक्त के प्रतिभूति एवं बंधपत्र निरस्त कर उसे निरोध में लेना न्यायोचित है।

यदि आरोपी को किसी अपराधिक प्रकरण में जमानत पर छोड़ा गया है तब उसकी जमानत अन्यथा प्रावधित न हो तो प्रकरण के निर्णय तक की होगी। अर्थात आरोपी का विचारण न्यायालय द्वारा जब तक सजा नहीं होती है अथवा निर्दोष मुक्त नहीं किया जाता है या उन्मोचित नहीं किया जाता है या प्रकरण का उक्त न्यायालय द्वारा अन्यथा उक्त न्यायालय की सीमा तक अन्तिम रूप से निराकरण नहीं किया जाता है तब तक प्रतिभूति बन्ध पत्र अस्तित्व में रहते हैं व तत्पश्चात वे उन्मोचित हो जाते हैं क्योंकि उक्त प्रकरण में आरोपी की अब कोई आवश्यकता उपस्थिति हेतु शेष नहीं रही। यदि प्रतिभूति सशर्त है तो उन शर्तों के अनुसार सीमित कालावधि के लिए हो सकती है व उस अवधि तक अभियुक्त जमानत पर स्वतंत्र रह सकता है।

अभी तक सिद्ध दोष (गिल्टी) ठहराने के पश्चात किसी अपराध में दोष सिद्ध (कन्व्हिक्ट) ठहराने तक व सजा की घोषणा करने तक आरोपी को निरोध में नहीं लिया जा सकता था क्यों कि उसकी जमानत संबंधित न्यायालय में हो रही सुनवाई तक के लिए होती है। जमानत का आदेश करने वाला न्यायालय भी अन्यथा कोई विशेष बात न हो तो ऐसा ही आदेश पारित करता है।

व्ही. चेन्ना रेड्डी वि. एन. विद्यासागर रेड्डी 1982 सीआर.एल.जे. पृष्ठ 2183 के निर्णय के चरण 6 में भी यही बताया गया है। अभी तक यही मान्य सिद्धांत था व यही व्यवस्था थी।

लेकिन अब रामदेव चौहान के प्रकरण (ऊपर उल्लेखित) के न्याय दृष्टांत के कारण परिस्थिति बदल गई है। उक्त दृष्टांत का चरण 50 पढ़ने से ऐसा अनुभव होगा कि गंभीर प्रकार के प्रकरणों में जहां आरोपी का कन्व्हिक्ट (दोष सिद्ध) किया गया है वहां न्यायालय को यह अधिकार है कि वह उसे अभिरक्षा में ले ले चाहे जमानत का आदेश उक्त प्रकरण के, उस न्यायालय द्वारा, अंतिम सुनवाई (निर्णय) तक के लिए क्यों न हो।

राम नारंग वि. रमेश नारंग (1995)2 सु.को.को. पृष्ठ 513 में बताया है कि Judgment becomes complete and appealable only after conviction is recorded and also sentence is awarded. अब दोष सिद्धि (कनव्हिक्शन) की सीमा तक ही आरोपी को जमानत पर रहने का अधिकार हो सकता है ऐसा माना जा सकता है।

अतः बेहतर तो यही होगा कि गंभीर प्रकार के प्रकरणों में अथवा वारण्ट ट्रायल या सेशन्स ट्रायल वाले प्रकरणों में जमानत के आदेश में ही यह लिख देना उचित होगा कि उक्त जमानत का आदेश केवल उस सीमा तक रहेगा कि यदि अभियुक्त उक्त प्रकरण में सिद्ध दोष (गिल्टी) पाया जाकर दोष सिद्ध (कान्व्हिक्ट) किया जाता है तो उसके बन्ध पत्र एवं प्रतिभूति पत्र तत्काल प्रभाव से उन्मुक्त हो जाएंगे एवं निष्प्रभावी होंगे। इस प्रकार बिना किसी कठिनाई या विवाद के कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। व्यवहारिक धरातल पर आप अपने प्रकरणों में यथोचित प्रक्रिया अपना सकते हैं।

रामदेव चौहान के निर्णय का चरण 50 का अंश यहां प्रकाशित किया जा रहा है। सम्पूर्ण निर्णय पढ़ने से विचारों को और गति मिलेगी।

50. The mandate of the Legislature is clear and unambiguous that no adjournment can be granted for the purpose only of enabling the accused person to show cause against the sentence proposed to be imposed upon him. In a case punishable with death or imprisonment for life, there is no difficulty for the Court where the sentence proposed to be imposed is alternative sentence of life imprisonment but if it proposes to award the death sentence, it has discretion to adjourn the case in the interests of justice as held in **Sukhdev Singh's case (AIR. 1992 S.C. 2100).** I have no doubt in holding that dispite the bar of third proviso to sub-section(2) of Section 309, the Court in appropriate case, can grant adjournment for enabling the accused persons to show cause against the sentence proposed on him particularly if such proposed sentence is sentence of death. We hold that in all cases where a conviction is recorded in cases triable by the Court of Session or by Special Courts, the Court is enjoined upon to direct the accused convict to be immediately taken into custody, if he is on bail, and kept in jail till such time the question of sentence is decided. After the sentence is awarded, the convict is to undergo such sentence unless the operation of the sentence awarded is stayed or suspended by a competent Court of jurisdiction. Such a course is necessitated under the present circumstances prevalent in the country and is in consonance with the spirit of law. A person granted bail has no right in insist to remain at liberty on the basis of the orders passed in his favour prior to his conviction.

●

NO ONE HAS A CORNER OF SUCCESS. IT IS HIS WHO PAYS THE PRICE.

✣ ✣ ✣

EVERY JOB IS A SELF PROTRAIT OF THE PERSON WHO DID IT.

एक विचार

सजा के प्रश्न पर अभियुक्त को सुना जाना

-पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

धारा 248(2) एवं धारा 235(2) दं.प्र.सं. में यह व्यवस्था है कि अभियुक्त को सजा के प्रश्न पर सुना जाएगा व तत्पश्चात ही आरोपी पर सजा आरोपित की जाएगी। ये प्रावधान हिन्दी–अंग्रेजी अनुवाद सहित इस प्रकार हैं।

248. दोषमुक्ति या दोषसिद्धि -

(1) यदि इस अध्याय के अधीन किसी मामले में, जिसमें आरोप विरचित किया गया है, मजिस्ट्रेट इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि अभियुक्त दोषी नहीं है, तो वह दोषमुक्ति का आदेश अभिलिखित करेगा।

(2) जहाँ इस अध्याय के अधीन किसी मामले में मजिस्ट्रेट इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि **अभियुक्त दोषी है, किन्तु वह धारा 360 के उपबन्धों के अनुसार कार्यवाही नहीं करता है, वहाँ वह दण्ड के प्रश्न पर अभियुक्त को सुनने के पश्चात् विधि के अनुसार उसके बारे में दण्डादेश दे सकता है।**

248. ACQUITTAL OR CONVICTION -

(1) If, in any case under this Chapter in which a charge has been framed. the Magistrate finds the accused not guilty, he shall record an order of acquittal.

(2) Where, in any case under this Chapter, the Magistrate finds the accused guilty, but does not proceed in accordance with the provisions of Section 325 or Section 360, he shall, after hearing the accused on the question of sentence, pass sentence upon him according to law.

235. दोषमुक्ति या दोषसिद्ध का निर्णय -

(1) बहस और विधि प्रश्न (यदि कोई हो) सुनने के पश्चात् न्यायाधीश के मामले में निर्णय देगा।

(2) यदि अभियुक्त दोषसिद्ध किया जाता है, तो न्यायाधीश उस दशा के सिवाय जिसमें यह धारा 360 के उपबन्धों के अनुसार कार्यवाही करता है, दण्ड के प्रश्न पर अभियुक्त को सुनेगा और तब विधि के अनुसार उसके बारे में दण्डादेश देगा।

235. JUDGMENT OF ACQUITTAL OR CONVICTION -

(1) After hearing arguments and points of law (if any), the Judge shall give a judgment in the case.

(2) If the accused is convicted, the Judge shall, unless he proceeds in accordance with the provisions of Section 360, hear the accused on the question of sentence and then pass sentence on him according to law.

361. Special reasons to be recorded in certain cases.- Where in any case the **Court could have dealt with-**

(a) an accused person under section 360 or under the provisions of the Probation of Offenders Act, 1958, or

(b) a youthful offender the Children Act, 1960, or any other law for the time being in force for the treatment, training or rehabilitation of youthful offenders, **but has not**

done so, it shall record in its judgment the special reason for not having done so.

361. **कुछ मामलों में विशेष कारणों का अभिलिखित किया जाना**-जहाँ किसी मामले में न्यायालय –

(क) किसी अभियुक्त व्यक्ति के संबंध में कार्यवाही धारा 360 के अधीन या अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958 (1958 का 20) के उपबन्धों के अधीन कर सकता था; या

(ख) किसी किशोर अपराधी के संबंध में कार्यवाही, बालक अधिनियम 1960 (1960 का 60) के अधीन या किशोर अपराधियों के उपचार, प्रशिक्षण या सुधार से सम्बन्धित तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन कर सकता था,

किन्तु उसने ऐसा नहीं किया है, वहाँ वह ऐसा न करने के विशेष कारण अपने निर्णय में अभिलिखित करेगा।

प्रश्न ये है कि अभियुक्त को सुनवाई का अवसर किस अनुक्रम (स्टेज) में देना है। धाराओं को पढ़ने–पढाने पर प्रशिक्षण शिविरों में कई बार इस विषय पर मत भिन्नता सामने आई है। एक वर्ग का कहना है कि यदि अभियुक्त को परिवीक्षा (प्रोबेशन) का लाभ देना है तो सजा के प्रश्न पर सुनने का अधिकार देने का प्रश्न ही नहीं है लेकिन यदि जेल एवं/अथवा अर्थदंड की व्यवस्था सजा के रूप में करना हो तो सुना जाना चाहिए। दूसरा वर्ग कहता है कि इस संबंध में कोई मत भिन्नता नहीं होना चाहिए। यदि सजा देना है तो सुनना ही होगा। चाहे वह सजा जेल एवं अथवा अर्थदंड की ही क्यों न हो अथवा कि परिवीक्षा पर छोड़ने की ही बात क्यों न हो क्योंकि वह भी तो सजा (सेन्टेन्स) का ही तो हिस्सा है।

धारा 248(2) एवं धारा 235(2) के प्रावधानों का भावार्थ समझा जाना आवश्यक है। परिवीक्षा के आधार पर छोड़ना भी हो तो इसका अर्थ यह तो नहीं है कि अभियुक्त को इस संबंध में नहीं सुना जाना है। अभियुक्त को सुनने का अर्थ यह भी नहीं है कि अभियोजन को नहीं सुना जाएगा ना ही अभियुक्त के अधिवक्ता को ही सुना जाएगा। परिवीक्षा पर छोड़ने हेतु भी परिवीक्षा अपराधी अधिनियम की धारा 3 एवं 4 को देखा जाना आवश्यक है। उसके अनुसार भी अभियुक्त को पूर्व प्रकरणों में इन प्रावधानों का लाभ नहीं मिला हुआ होना चाहिए। दूसरी बात यह कि परिवीक्षा का लाभ देने के पूर्व प्रकरण कि प्रकृति परिस्थिति एवं अभियुक्त का चरित्र (व्यवहार एवं पूर्व चरित्र पूर्ववृत्त) (एन्टि सिडेन्ट्स) परिवार की स्थिति, आर्थिक स्थिति क्या है।) को भी देखा जाना होता है।

यदि हम अभियुक्त, अभियोजन पक्ष को नहीं सुनेंगे तो हमें इन सब बातों को ज्ञात होने का अवसर कैसा रहेगा। दूसरी बात और कि धारा 4 के अंतर्गत लाभ देना है तो हमें निश्चित रूप से परिवीक्षा अधिकारी से रिपोर्ट भी बुलवाना है। बिना उस रिपोर्ट के धारा 4 परिवीक्षा अपराधी अधिनियम के अंतर्गत प्रयोग उचित नहीं माना जा सकता है। धारा 4 की भावनाओं के विपरीत होगा।

यदि ये सब बातें हैं तो हमें अभियुक्त को तब सुनना है जब हम उसे दोषसिद्ध (गिल्टी) पाते हुए उसे सिद्ध दोष (कन्व्हिक्ट) करते/ठहराते हैं उसी के बाद तो सजा का अनुक्रम आएगा।

सजा का जब क्रम आएगा तब ही तो अभियुक्त को हम सुनेंगे। यह मान्य सिद्धांत है कि हम ऐसा कोई निष्कर्ष दोनों पक्षों को सुनकर ही देंगे अर्थात दूसरे पक्षकार की बातों पर भी ध्यान दें; बिना सुनवाई का अवसर दिए किसी को दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

भ्रम की स्थिति निर्मित होने का मुख्य कारण 248(2) एवं 235(2) के निम्न हिस्से को पढ़ाने से ज्ञात होगा।

235(2) एवं 248(2) :–

If the accused is convicted, the judge shall **unless he proceeds in accordance with the provisions of section 360,** hear the accused on the question of sentence, and then pass sentence on him according to law.

इस प्रकार ऊपर उल्लेखित हिस्सा "unless he proceeds in accordance with the provisions of S. 360" विभ्रामित करता है।

धारा 360 दं.प्र.सं. के प्रावधान म.प्र. में लागू नहीं होते हैं क्योंकि धारा 19 परिवीक्षा अपराधी अधिनियम के अनुसार वह अधिनियम लागू होगा। धारा 360 अथवा धारा 3–4 परिवीक्षा अपराधी अधिनियम के प्रावधान समझने के पूर्व धारा 361 दं.प्र.सं. के प्रावधान को पढ़ना होगा। उक्त प्रावधान को इस प्रकार पढ़ने से समझने में सुविधा होगी।

361. Special reasons to be recorded in certain cases -

Where in any case the Court could have dealth with,

x x x x x x

x x x x x x

But has not done so, it shall record in its judgment the special reasons for not having done so.

उपरोक्त धारा के "Court could have dealth with - but has not done so" शब्द वृन्द महत्वपूर्ण है। न्यायालय को धारा 361 के भाग **ए** अथवा **बी** के अंतर्गत प्रथमतः कार्यवाही करना चाहिए यदि की जा सकती है, लेकिन नहीं कर रहा है तो उसके कारण विशेष रूप से अभिव्यक्त करेगा। अर्थात ए बी भाग में क्या लिखा है उसे देखें।

(a) an accused person under S. 360 or under the provisions the probation of offenders Act, 1958 (20 of 1958), or

(b) a youthful offender under the Children Act 1960 (60 of 1960), or any other law for the time being in force for the treatment, training or rehabilitation of youthful offenders :

अर्थात न्यायालय धारा 361 के भाग **ए** या **बी** का प्रयोग करना चाहेगी या नहीं करना चाहेगी यह निर्धारित करने हेतु प्रथमतः दोनों पक्षों को सुना जाना जरूरी है, आवश्यक है तब ही न्यायालय न्यायसम्मत विवेकानुसार निष्कर्ष निकाल सकेगा।

अब यदि ऐसी बात है तो निष्कर्ष यह निकला कि अभियुक्त को चाहे परिवीक्षा का लाभ देना हो या अन्य लाभ जो धारा 360 सपठित धारा 361 दं.प्र.सं. के अंतर्गत लाभ देना हो उसे सुनना होगा तब या तो उक्त प्रावधानों का लाभ दे या नहीं देना हो तो सजा की व्यवस्था करें। इस प्रकार सजा देने की स्थिति तक पहुँचने के पूर्व धारा 361 की प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। वहां नकारात्मक कर्तव्य न्यायालय पर निर्धारित है कि धारा 361 दं.प्र.सं. के प्रावधानों के अंतर्गत न्यायालय यह कारण दर्शित करे कि वह उक्त प्रावधानों के अंतर्गत लाभ क्यों नहीं देना चाहता। न्यायालय ऐसे कारण तो तभी बता पाएगा जब दोनों पक्षकारों को सुनेगा व सुनने के पश्चात तय करेगा कि लाभ दिया जाना

है या नहीं। इस प्रकार धारा 248(1) एवं धारा 235(2) को पढ़ना है। अतः जब उक्त धाराओं का प्रयोग करना है तब हमें धारा 361 के दृष्टिकोण को भी ध्यान रखना होगा।

धारा 309 का तृतीय परन्तुक भी यहां ध्यान में लेना होगा वो इस प्रकार है –

परन्तु यह भी कि कोई स्थगन केवल इस प्रयोजन के लिये नहीं मंजूर किया जाएगा कि वह अभियुक्त व्यक्ति को उस पर अधिरोपित किये जाने के लिए प्रस्थापित दण्डादेश के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने में समर्थ बनाए।

इस प्रावधान का भावहीन अर्थ यह हो गया कि सजा के संबंध में सुनने हेतु समय नहीं दिया जाएगा। लेकिन विधि प्रावधानों का शब्दशः अर्थ अथवा भावहीन अर्थ न निकालते हुए भावप्रधान अर्थ निकाला जाना चाहिए जिससे प्रावधान का उद्देश्य पूर्ण हो।

अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ दिया जावे या नहीं ऐसा मौखिक तर्क भी हो सकता है व साक्ष्य के द्वारा भी सिद्ध किया जा सकता है। अभियुक्त का चरित्र पूर्व में परिवीक्षा का लाभ प्राप्त करना, अभियुक्त की आर्थिक स्थिति पारिवारिक स्थिति आदि ऐसी अनेकानेक बाते हैं जिस आधार पर यह निर्धारित करना है कि उसे लाभ दिया जावे या नहीं। इसलिए उसे साक्ष्य हेतु अवसर भी दिया जा सकता है या विलेख प्रस्तुत करने हेतु भी समय दिया जा सकता है जिससे वह अपना पक्ष रख सके व खंडन में अभियोजन अपना पक्ष रख सके। इसी कारण सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न अवसरों पर यह कहा कि परिवीक्षा का लाभ देने न देने का विचार करने हेतु प्रकरण की सुनवाई स्थगित भी की जा सकेगी ये दृष्टांत इस प्रकार हैं –

अल्लादिन वि. राज्य (1989) 3 S.C.C. 5, अंगुस्वामी वि. राज्य (1989)3 S.C.C. 33: AIR 1989 S.C. 1456; AIR 1991 S.C. मिल्कियत सिंह वि. राज्य (1991)4 S.C.C. 31: AIR 1991 S.C. 1784 जयकरण वि. राज्य 1999(2) जे.एल.जे. 68

सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायालय को मृत्युदंड की सजा या आजीवन कारावास की सजा में से एक ही विकल्प चुनना हो तथा मृत्यु दंड का विकल्प नहीं चुना जाना है तो धारा 309 के तृतीय परन्तुक के अंतर्गत सजा के प्रश्न पर सुनने हेतु प्रकरण की सुनवाई स्थगित करने का औचित्य नहीं है क्यों कि न्यायालय न्यूनतम सजा आरोपित कर रहा है जो देना अनिवार्य है। ये दृष्टांत हैं ***रामदेव चौहान वि. स्टेट, ए.आई.आर. 2001 पृष्ठ 2231.*** उक्त दृष्टांत में कुछ सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं वे भी इस लेख के अंतर्गत दिए है। जो कुछ अंश इस प्रकार है। इसी दृष्टांत के आधार पर एक संक्षिप्त टिप्पणी और लिखी है वह भी इसी पत्रिका में प्रकाशित है।

AIR 2001 SUPREME COURT 2231

Ram Deo Chauhan alias Raj Nath Chauhan, Petitioner v. State of Assam, Respondent.

(A) Criminal P.C. (2 of 1974), Ss. 235(2), 309(2) - Sentence to be imposed - Obligation of court to hear accused-Adjourning hearing to give sufficient time to accused to show cause-Not necessary in view of clear legislative mandate of S. 309 (2) - Order recording conviction and sentence on same day-Not Illegal-However Court in its discretion would grant adjournment in cases where death sentence is

proposed to be inflicted (Per K.T. Thomas, R.P. Sethi JJ.)

Penal Code (45 of 1860), S. 302.

(B) **Criminal P.C. (2 of 1974), Ss. 235, 309, 437 -** Hearing accused on question of sentence - Necessity to afford opportunity for hearing - Legal position stated vis-a-vis murder accused awarded imprisonment for life or death sentence- Hearing if adjourned convict to be kept in jail till sentence is passed.

Penal Code (1860), S. 302,

Per Thomas J. : It must be remembered that two alternative sentences alone are permitted for imposition as for the offence under S. 302 IPC-imprisonment for life or death. Thus no court is permitted to award a sentence less than imprisonment for life as for the offence of murder. The normal punishment for the offence is life imprisonment and death penalty is now permitted to be awarded only in the rarest of the rare cases when the lesser alternative is unquestionably foreclosed. The requirement contained in S. 235(2) of the Code. (the obligation of the Judge to hear the accused on the question of sentence) is intended to achieve a purpose. The said legislative provision is meant for affording benefit to the convicted person in the matter of sentence. The legal position regarding the necessity to afford opportunity for hearing to the accused on the question of sentence is as follows :-

(1) When the conviction is under S. 302 IPC (with or without the aid of S. 34 or 149 or 120B of IPC) if the sessions Judge does not propose to impose death penalty on the convicted person it is unnecessary to proceed to hear the accused on the question of sentence. S. 235(2) of the Code will not be violated if the sentence of life imprisonment is awarded for that offence without hearing the accused on the question of sentence.

(2) In all other cases the accused must be given sufficient opportunity of hearing on the question of sentence.

(3) The normal rule is that after pronouncing the verdict of guilty the hearing should be made on the same day and sentence shall also be pronounced on the same day.

(4) In cases where the Judge feels or if the accused demands more time for hearing on the question of sentence (especially when the Judge propose to impose death penalty) the proviso to S. 309(2) is not a bar for affording such time.

(5) For any reason the court is inclined to adjourn the case after pronouncing the verdict of guilty in grave offences the convicted person shall be committed to jail till the verdict on the sentence is pronounced. Further detention will depend upon the process of law.

Note :- In this Case the Judges of the Supreme Court differ in their view. The majority view is taken by R.P. Sethi and S. N. Phukhan JJ and the minority view of K.T. Thomas J. The Judgments are printed in the order in which they are given in the certified copy - Ed.

न्यायदृष्टांत साभार। ए.आई.आर. प्रकाशन, नागपुर

एक विचार

दुर्घटना प्रकरणों में रकम का जमा एवं वितरण करना- एक प्रक्रिया

-जगदीश बाहेती
अति. जिला न्यायाधीश, भोपाल

म.प्र. उच्च न्यायालय (इन्दौर खंडपीठ) द्वारा विविध अपील क्रमांक 661/1998 (***शारदा बाई विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम***) के प्रकरण में दिनांक 11-5-2001 को मोटर यान दुर्घटना अधिनियम के संबंध में प्रतिकर राशि जमा होने पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में दिशा–निर्देश दिया गया है, जिसे प्रदेश के सभी मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण को मार्गदर्शन हेतु प्रेषित भी किया गया है।

निःसंदेह उक्त हितकारी विधान की भावनानुसार यह भी अधिकरण का कर्तव्य है कि राशि जमा होने पर आवेदक को उसका संपूर्ण लाभ मिल सके, इस बाबत युक्तियुक्त कार्यवाही अधिकरण करें।

इस संबंध में धार (म.प्र.) पद–स्थापना के दौरान हमने ऐसी राशि जमा करने और उसके भुगतान के संबंध में विस्तृत वाऊचर का प्रारूप बनाकर उसका प्रयोग सफलतापूर्वक किया है, जिससे न सिर्फ जमा राशि पर अधिकतम ब्याज मिला है, बल्कि बैंक को, पक्षकार को और अधिकरण को भी अत्याधिक सुविधा और सुगमता रही है।

जो भी राशि अधिकरण को चैक के रूप में प्राप्त होती थी, उसे संलग्न प्रारूप के अनुसार इस निर्देश के साथ बैंक में जमा किया जाता था कि उक्त राशि को संबंधित प्रकरण व पक्षकारगण का नाम उल्लेखित करते हुए आगामी आदेश तक के लिए अधिकरण के नाम व खाते में सावधि जमा किया जाये।

उक्त वाऊचर तीन प्रति में निर्मित किया जाता था, एक प्रति चैक सहित बैंक को भेजी जाती थी, दूसरी प्रति संबंधित प्रकरण में संलग्न की जाती है और तीसरी प्रति वाऊचर–बुक में ही संलग्न रहती है, ताकि अद्यतन रिकार्ड उपलब्ध रहे।

ऐसी राशि का भुगतान शीघ्र हो जाता है, तो बैंक के नियमानुसार नियत अवधि में (सामान्यतः 45 दिन) कोई ब्याज देय नहीं होता है, तब भुगतान आदेश होने पर वह सावधि जमा राशि बिना किसी ब्याज और बिना किसी कटौती के संबंधित पक्षकार को भुगतान कर दी जाती है, किन्तु यदि नियत अवधि के उपरांत भी किसी कारणवश पक्षकार शीघ्र भुगतान प्राप्त न कर सके और ऐसी राशि बैंक में लंबित रहे, तो जितना ब्याज उस सावधि जमा पर अर्जित होता है, वह प्रकरण विशेष की राशि की पृथक सावधि होने से सुगमता से गणना योग्य रहता है और इस रूप में पक्षकार को देय राशि और उस पर अर्जित ब्याज दोनों ही भुगतान करने का आदेश दिया जाता है।

लगभग सभी अधिकरणों के खातों में ऐसे ब्याज की लाखों रुपये की राशि हिसाब–विहीन है और

बैंक उक्त राशि का उपयोग कर रहा है तथा अधिकरण के खाते में ऐसी राशि निरंतर जमा होती रहती है, इस पद्धति का उपयोग करने से अर्जित ब्याज की संपूर्ण राशि संबंधित अधिकारी–व्यक्ति अर्थात पक्षकार को प्राप्त होती है और न सिर्फ उसके हितों का संरक्षण होता है, बल्कि अधिकरण के खाते में कोई अनावश्यक राशि भी लंबित नहीं रहती है।

भुगतान वाऊचर (संलग्न) प्रारूप में भी प्रत्येक आवेदक को अवार्ड के अनुसार देय राशि ब्याज सहित भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है और उक्त वाऊचर पर प्राप्तकर्ता अर्थात आवेदकगण के फोटो भी लगवाकर संबंधित अभिभाषक आदि से सत्यापित कराया जाता है। ऐसा फोटो लगा हुआ एक वाऊचर तथा एक साधारण वाऊचर "अन्य निर्देश कालम में यह उल्लेखित करते हुए कि कितनी राशि नगद दी जाना है, या कितनी राशि कितनी अवधि के लिये सावधि जमा की जाना है, अथवा अन्य निर्देश जो अधिकरण समझे, वह उल्लेखित करते हुए भेजे जाते हैं। उक्त वाऊचर की एक प्रति फोटो सहित संबंधित प्रकरण/निष्पादन प्रकरण में लगाई जाती है। इस प्रकार यद्यपि दो फोटो भुगतान के समय पक्षकार को लाना होते हैं, किन्तु वे फोटो सत्यापित होने से जहां बैंक को सुविधा होती है, वहीं धोखा धड़ी के अवसर अत्याधिक अल्प हो जाते हैं, क्योंकि फोटो लगे व्यक्ति की पहचान जिम्मेदार अभिभाषक द्वारा की जाती है और यह अभिलेख का भाग रहता है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर ऐसी धोखा–धड़ी सफलतापूर्वक पकड़ी जा सकती है। ध्यान रहे कि रेकार्ड पर संबंधित व्यक्ति का पहचान चिन्ह, हस्ताक्षर/अंगुष्ठ चिन्ह यथास्थान हो एवं अधिवक्ता के हस्ताक्षर के नीचे उसी के हाथ से उसका पूर्ण नाम लिखा हो।

उक्त वाऊचर पद्धति का प्रयोग करने से प्रत्येक प्रकरण के संबंध में भुगतान के समय विस्तृत आदेश पत्रिका लिखाकर कई निर्देशों की पुनरावृत्ति करना पड़ती है, उन निर्देशों को वाऊचर पर ही छपवा दिये जाने से समय की भी बचत होती है और एक बार इस पद्धति का प्रयोग करने पर बैंक का तथा अधिकरण का अभिलेख भी जमा राशि के साथ साथ भुगतान के संबंध में भी परिपूर्ण रहता है।

उक्त पद्धति का प्रयोग करने से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का भी पूर्णतः पालन होगा और संभवतः यह पद्धति हर दृष्टि से सुविधा–जनक और पक्षकार के हितों का संरक्षण करने वाली ही है। जिस बैंक में आपके अधिकरण का खाता है वह बैंक आपके अधिकरण हेतु उल्लेखित प्रारूप अनुसार व्हाउचर बुक बनाकर दे सकती है। राशि जमा करने को व्हाउचर पुस्तिका की तिन्होंही परतें भिन्न–भिन्न रंगों की होगी एवं राशि निकालने की पुस्तिका की परतें भी भिन्न–भिन्न रंगों की होगी जिससे कौन सी प्रत किसे देना है। आसानी से समझा जा सकता है।

आवश्यक प्रारूप भी यहां दिए जा रहे हैं जिसका आप अवलोकन कर सकते हैं तथा आवश्यक परिवर्तन, परिवर्धन जैसा भी स्थान विशेष एवं प्रकरण की परिस्थिति हो किया जा सकता है। प्रारूप अगले पृष्ठ पर दिए हैं।

केवल खाते में हस्तांतरित

शाखा प्रबंधक बैंक का नाम स्थान

प्रथम द्वितीय तृतीय अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (स्थान)

(सदस्य श्री .....)

दिनांक .....

क्रमांक .....
(नम्बरिंग मशीन से छपे हुए होंगे)

राशि भुगतान/सावधि जमा करने का आदेश

कृपया निम्नानुसार राशि ब्याज सहित प्राप्त करने वाले के खाते में अन्तरित कर भुगतान करें/निर्देशानुसार सावधि जमा करें।

क्रमांक	क्लेम प्रकरण का क्रमांक व विवरण	भुगतान प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम व पता पिता/पति के नाम सहित	जमा राशि का दिनांक व चेक का विवरण	देय राशि (अर्जित ब्याज बैंक द्वारा गणना कर अतिरिक्त देय होगा)		अन्य निर्देश
				अंकों में	शब्दों में	

भुगतान प्राप्त करने वाले के हस्ताक्षर/निशानी अंगूठा व उसका प्रमाणित चित्र .....
.....

प्राप्तकर्ता के चित्र को प्रमाणित करने वाले व प्राप्तकर्ता को पहचानने वाले अभिभाषक का नाम व पता तथा हस्ताक्षर व मुद्रा .....
.....
.....

नोट :
1. अधिकरण के आदेश के बिना सावधि जमा राशि पर किसी प्रकार का कोई भार सृजित किया जावे व अन्तिम भुगतान भी निर्देश लेकर ही किया जावे।
2. भुगतान प्राप्तकर्ता के खाते में अन्तरण द्वारा ही किया जावे।
3. सावधि राशि पर आदेशानुसार ब्याज का भुगतान किया जा सकता है।

सदस्य
प्रथम/द्वितीय/तृतीय/अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
स्थान

मुख्य/शाखा प्रबंधक
बैंक का नाम
मुख्य शाखा/कलेक्टर शाखा
स्थान

प्रथम/द्वितीय/तृतीय/अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (स्थान)

(सदस्य श्री .....)

दिनांक .....

क्रमांक .....
(नम्बरिंग मशीन से छपे हुए होंगे)

राशि जमा करने का आदेश

कृपया निम्नानुसार राशि जमा कीजिये तथा उसे आगामी आदेश तक के लिये सावधि जमा कीजिये।

क्रमांक	क्लेम प्रकरण का क्रमांक व विवरण	जिनके हित में भुगतान होगा (आवेदकगण का नाम)	बीमा कम्पनी/भुगतान करने वाले पक्षकार का नाम	चेक/ड्राफ्ट का नम्बर व विवरण	राशि	
					अंको में	शब्दों में

1. उक्त राशि आगामी आदेश तक के लिये सावधि जमा कीजिये तथा सावधि जमा रसीद की फोटाकॉपी अधिकरण को भेजिये।
2. उक्त जमा सावधि राशि का ब्याज सहित भुगतान अधिकरण का भुगतान आदेश प्राप्त होने के पश्चात ही किया जावे।

सदस्य
प्रथम/द्वितीय/तृतीय/अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
स्थान

सुनवाई का अर्थ और दावे का खारिज करना

(आ. 9 नि. 3-4 एवं आदेश 17 नि. 2)

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

बहुत बार खिन्नता आती है। आना भी चाहिए। यदि खिन्नता नहीं आएगी तो संभव है मैं सृजनशील न हो सकूंगा। खिन्नता मेरे लिए स्फूरण का काम करती है। यह लेख भी इसी का परिणाम है।

ज्ञात हुआ आ. 26 नि. 9 व्य.प्र.स. का आवेदन पत्र एक न्यायालय में लंबित था। एक ओर न्यायालय में आ. 6 नि. 17 व्य.प्र.स. का आवेदन पत्र लंबित था तो एक न्यायालय में आ. 6 नि. 5 व्य. प्र.स. का आवेदन पत्र लंबित था। तीनों ही न्यायालय म.प्र. के ही हैं। इन सबने उक्त आवेदन पत्रों की सुनवाई के दिन वादी एवं प्रतिवादी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ इसलिए दावा खारिज कर दिया। क्लाइमेक्स यहीं समाप्त हो जाय तो भी औसत बुद्धि का व्यक्ति समझ सकता है कि ऐसा भी हो जाता है; ठीक है; चलता है; ऐसा विचार व्यक्ति कर लेगा। लेकिन क्लाइमेक्स यहीं तक सीमित नही रहता है। ऐसे कृत्यों की कोई पराकाष्ठा या चरमोत्कर्ष नहीं होता है। हर कोई एक दूसरे का रेकार्ड तोड़ने में लगा रहता है। इसी तोड़ाताड़ी का एक और उदाहरण।

उपरोक्त उदाहरणों में से किसी एक उदाहरण स्वरूप प्रकरण में वादी ने एक आवेदन पत्र दावा पुनः फाईल पर लेने के लिए दिया। प्रतिवादीगण संख्या में 8–10 जन थे। जिसमें से एक प्रतिवादी की मृत्यु तो दावा खारिज होने के पूर्व हुई थी। आ. 22 नि. 4 व्य.प्र.स. का आवेदन पत्र भी लंबित था। चूंकि दावा दोनों पक्षों की अनुपस्थिति में खारिज हुआ था तो वो आवेदन पत्र आ. 22 नि. 4 व्य.प्र.स. भी रस्ते लग गया।

दो पक्षीय कार्यवाही करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र में अब जज साहब कह रहे हैं कि मृतक के प्रस्तावित वैध प्रतिनिधियों को भी आहूत करो व सभी प्रतिवादी गण को भी आहूत करो। ऐसा क्यों करो यह दमदारी से वादी–प्रार्थी के अधिवक्ता पूछ नहीं पाते हैं क्योंकि उन्हें अपने अन्य प्रकरणों की भी चिंता है। फिर भी वे निवेदन करते हैं कि विपक्ष को सुने बिना दावा फाईल पर ले ले व फिर सभी प्रतिवादीगणों को सूचना पत्र भेज देंगे। जज साहब अड़े हुए हैं वकील साहब विधि प्रावधान नहीं दिखा पा रहे हैं।

ये ऐसी स्थिति है जो हमें प्रेरणा प्रदान करे कि हम पुस्तकें खोलें एवं कुछ कुछ पढ़ें। लेकिन जब तक कुछ कुछ होता ही नहीं है तो कोई क्या करे। वे एक दूसरे पर योग्यता के सम्बन्ध में दोषारोपण लगाते हैं। ये बात उड़ते उड़ते मेरे कानों पर आई। मन व्यथित हो गया। होना ही था। बिचारे 'माडसाब' और क्या कर सकते हैं। प्रेरणा देने का प्रयास ही तो हैं जो उनके बस में है। प्रशिक्षण शिविरों में अनेकानेक बार यह बात बताई जा चुकी है कि ऐसा नहीं होना चाहिए। परंतु न्यायपीठ पर हमें ऐसा लगता है कि ये वकील प्रकरण को टल्ला मारना चाहते हैं व इसलिए नहीं आते हैं, इन्हें झटका देना ही पड़ेगा और हम झटका देने के अंदाज में हीरो का नहीं विलन का रोल अदा हो जाता है। ऐसी

प्रतिक्रिया होना बहुत स्वाभाविक है क्योंकि न्यायाधीश भी हुआ तो क्या हुआ आखिर वह भी तो एक औसत व्यक्ति ही तो है। जी हां यह सही है। यह उसकी प्रकृति है। लेकिन तब विधि प्रावधानों को ध्यान में न लेना विकृति होगी। विधि प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए कार्य करना उसकी न्यायिक संस्कृति होगी। परंतु जब आदेशिका में जो भी हम लिखेंगे तो वह विधि सम्मत बात होना चाहिए न कि भावुक विचारों की अभिव्यक्ति।

Hearing (हिअरिंग) शब्द व्य.प्र.स. में संम्भवतः प्रत्येक पृष्ठ पर मिल सकता है लेकिन विशेष रूप से आ. 5, 8, 9 एवं 14 में उसका विशेष रूप से प्रयोग भी हुआ है। मोटे रूप से Hearing का सामान्य अर्थ है सुनवाई की तिथि व विशेष अर्थ में साक्ष्य की तिथि जिसमें अंतिम तर्क भी सम्मिलित होते हैं। ये Hearing आ. 9 नि. 7 व्य.प्र.सं. में और भी विस्तार से बताया गया है जिस पर एक लेख **ज्योति** में **ज्योति 1998 (5) पृष्ठ 36** पर है। Hearing शब्द पर दो मार्गदर्शक दृष्टांत भी बार बार बताए जाते रहे हैं वे हैं : ***संग्रामसिंह विरूद्ध इलेक्शन ट्रिब्यूनल ए.आई.आर. 1955 सु. को 425*** एवं ***अर्जुनसिंह विरूद्ध मोहिन्द्र कुमार ए.आई.आर. 1964 सु.को. 933*** उक्त दोनों दृष्टांतों को पढ़ने का समय न भी मिले लेकिन हेड नोट पढ़ने का कष्ट अवश्य करने की कृपा होना अपेक्षित है। सोचने का आधार बदल जाएगा, वैचारिक धरातल बदल जाएगा, विश्लेषण करने की क्षमता में वृद्धि होगी निर्वचन क्षमता बढ़ेगी। संभवतः यही हमारे प्रकरणों की आदेश पत्रिका की गुणवत्ता बढ़ाने की आधार शिलाएं हों।

जब प्रकरण साक्ष्य के लिये निर्धारित नहीं है एवं विविध आवेदन पत्रों पर सुनवाई, श्रवण (Hearing) हेतु है तब यदि दोनों ही पक्षकार एवं उनके अधिवक्ता उपस्थित नहीं है तो आप दावा खारिज करने के बजाय उस लंबित आवेदन पत्र का निराकरण, चाहे गुण दोष पर या खारिज करके जैसी भी स्थिति हो निराकृत करेंगे लेकिन दावा किसी भी कीमत पर खारिज नहीं होगा यह बात पक्के से समझ लें। ये भी ध्यान रखना कि यदि हमने ऐसी स्थिति में (दोनों ही पक्षकारों ही अनुपस्थिति में) दावा खारिज कर दिया है तब प्रकरण को पुनः फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र आने पर किसी भी विपक्षी को सूचना पत्र की आवश्यकता नहीं है। हां दावा पुनः फाईल पर लेने के पश्चात सूचना पत्र विपक्ष को देने की आवश्यकता है कि प्रकरण पुनः द्विपक्षीय रूप से चलेगा। कृपया **रामचंद्र वि. शादेव ए.आई.आर. 1945 नागपुर 185** के दृष्टांत को अवश्य पढ़ लें। कुछ हिस्सा यहां प्रकाशित कर रहा हूँ।

> Notice of an application for restoration of suit dismissed under order 9, Rule 3, may not be claimable by defendant as of right as no notice is prescribed by O. 9 R. 4, but when the court restores a suit to (its) file and fixes a date for hearing of the case, it does not stand to reason that the defendants should not be given notice of the hearing of the Suit; that if an application for restoration is made and allowed the Court should fix the case for hearing to the otherside; that the court was therefore wrong in proceeding ex-parte against the defendant.

एक और दृष्टांत इसी विषय पर विचारों की अभिव्यक्ति को सुस्पष्ट करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।

हरदत्त विरूद्ध सत्यनारायण 1959 एम.पी.एल.जे. नोट 191 का दृष्टांत देखने योग्य है उसमें ***ए.आई.आर. 1954 मध्य भारत 147*** के दृष्टांत का संदर्भ है। उक्त दृष्टांत में कहा गया है :

Application was for amendment of written statement. Plaintiff was absent on the date fixed for reply. It was held that Court should (may) permit the amendment but ought not to dismiss the suit for default.

एक और दृष्टांत का अवलोकन विचारों को अधिक परिपक्व बनाने में काम आ सके। ***जानकी बाई विरूद्ध जानकीदास 1952 एन.एल.जे. नोट 221*** में कहा है कि :

R. 2 of O. 17 of the C.P.C. does not apply to occasion of interlocutory order. Case closed for orders on application for temporary injunction-Court cannot dismiss suit under rule 2.

और हमारे न्यायिक चरित्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ***भीमराज विरूद्ध महिला फूलाबाई ए. आई.आर. 1939 नागपुर 213=1939 एन.एल.जे. 351*** में बताया है कि :

Courts should not lightly dispose of litigation without going into the merits. But courts are bound in certain circumstances to dismiss cases for default. One case is that indicated in order 9, Rule 8. It is true when a case reaches the stage after the issue stage has in part been passed the **court is not compelled to exercise its powers under order 9, Rule 8 but is given power to make another order under O. 17 R. 2, and in any doubtful case the court should so act.**

इसी बात को अन्य दो दृष्टांतों के माध्यम से भी बताया जा सकता है।

घनश्यामदास विरूद्ध फर्म मेसर्स केशवदास छन्नूलाल (1991) 1 एम.पी.डब्ल्यू.एन. 107 (**डी.बी.**) में कहा है कि :–

The trial Court cannot be said to be unjustified in disposing of **the application** even without notice to the respondent.

मनोहरलाल विरूद्ध कैलाशचंद्र 1988(2) एम.पी. डब्ल्यू.एन. नोट 76 में कहा है प्रकरण जब लिखित तर्क प्रस्तुत करने हेतु था तब दावा पक्षकारों के अनुपस्थिति में खारिज नहीं किया जा सकता।

जाहिर है कि जहां पर प्रकरण साक्ष्य हेतु नहीं है तब दावा यूँ ही खारिज नहीं किया जा सकेगा कि पक्षकार/अधिवक्ता उपस्थित नहीं है। ऐसा करना सरासर न्यायिक दृष्टिकोण से अनुचित होगा। यदि भूलवश ऐसा हो ही जाएगा तब बिना परेशानी से त्वरित रूप से दावा पुनः स्थापित किया जाना उचित होगा।

अब हम आ. 9 नि. 3 एवं आ. 9 नि. 4 को देख लें। ये प्रावधान इस प्रकार है :–

आ. 9 नि. 3 : जहां दोनों में से कोई भी पक्षकार उपसंजात नहीं होता है वहां वाद का खारिज किया जाना : जहां वाद की सुनवाई के लिए पुकार होने पर दोनों में से कोई भी पक्षकार उपसंजात नहीं होता है वहां न्यायालय यह आदेश दे सकेगा कि वाद खारिज कर दिया जाए।

आ. 9 नि. 4 : वादी नया वाद ला सकेगा या न्यायालय वाद को फाइल पर प्रत्यावर्तित कर सकेगा : जहां वाद नियम 2 या नियम 3 के अधीन खारिज कर दिया जाता है वहां वादी नया वाद (परिसीमा विधि के अधीन रहते हुए) ला सकेगा या वह उस खारिजी को अपास्त कराने के आदेश के लिए आवेदन कर सकेगा और यदि वह न्यायालय का समाधान कर देता है कि (यथास्थिति, नियम 2

में निर्दिष्ट असफलता के लिए) या उसकी अपनी अनुपसंजाति के लिए पर्याप्त हेतुक था तो न्यायालय खारिजी को अपास्त करने के लिए आदेश करेगा और वाद में आगे कार्यवाही के लिए दिन नियत करेगा।

आ. 9 नि. 8 व्य.प्र.स. के अंतर्गत यह अपेक्षा है कि वादी और उसके अधिवक्ता उपस्थित न हो तथा प्रतिवादी अथवा/एवं उसके अधिवक्ता उपस्थित हो तथा प्रकरण सुनवाई हेतु अर्थात गुण दोष पर विचार के लिए हो **(न कि प्रकरण में किसी अन्य कार्यवाही या आवेदन पत्र के विचारण हेतु)** तो ही न्यायालय दावा खारिज कर सकता है अथवा प्रतिवादी ने यदि दावा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार किया हो तो उस सीमा तक का दावा स्वीकार भी करना होगा।

इस प्रकार आ. 9 नि. 3–4, एवं आ. 9 नि. 8 के आधार भिन्न भिन्न है।

बन्धुओं इसी के साथ आ. 17 नि. 2 एवं 3 को भी समझना होगा। संक्षिप्त में उस सम्बन्ध में एक न्याय दृष्टांत द्वारा समझाया जाना उचित होगा।

अब्दुल करीम विरूद्ध रतीलाल गुजराती ए.आई.आर. 1930 नागपुर 152 में कहा है कि :

Rules 2 and 3 are mutually exclusive. R. 3 contemplates the presence of parties and only deals with a case where such party being present has failed to produce his evidence or to take any other steps laid down in the rule. R. 2 applies in the case of the absence of a party or parties whether or not time has been granted them to do any of the acts laid down in R. 3. Where on the date fixed for final disposal of a suit the Court after taking plaintiffs evidence passes a decree ex-parte, an application by the defendant to set aside ex-parte decree is competent.

व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1977 का प्रकाशन द्वारा **लॉ बुक कम्पनी** लेखक **एस. राव** में आ. 17 नि. 2 एवं 3 में क्या अंतर है यह सुलभ रूप से बताया है। लेखक व प्रकाशक के आभार व्यक्त करते प्रकाशित कर रहा हूँ। वह इस प्रकार है :

ORDER XVII, RR. 2 AND 3 COMPARED

1. The points of difference between O.XVII, Rr. 2 and 3 may be analysed as follows:-

Rule 2	Rule 3
(a) Applies Generally to all cases whether hearing is adjourned.	(a) Applies only where adjournment is granted (i) at the instance of a party : and (ii) for a particular porpose.
(b) Is confined to cases where the parties or any of them fail to appear.	(b) Not confined to non-appearance (as the language stands at present), and applies where there is failure to do the act for which time was granted.
(c) Court can- (i) Proceed to dispose of the suit in one of the modes directed by Order IX, or	(c) Court may proceed to decide the suit forthwith.

	(ii) make such other order as it thinks fit.	
(d)	Object is to state the consequences of non-appearances. Emphasis is on discretion of Court.	(d) Emphasis is on the Court's power to proceed, so that non-performance, of the act in question need not interrupt the progress of the suit.

2. Cases when the two rules overlap are those where an adjournment is granted (Rule 2) at the instance of a party- (Rule 3), and there is non appearance as well as non performance of the act for which adjournment was sought, so that both the rules are satisfied.

It is these situations which have presented difficulties and raised questions, leading to three different approaches, in cases of nonappearance of the parties or either of them. The three different apporoaches are (i) only rule 2 should be applied; (ii) rule 3 can be applied; (iii) if there are materials on record, rule 3 may apply, otherwise rule 2 applies.

The proposed rule clarifies the position.

एक बात ध्यान रखना। आ. 17 नि. 2 व नि. 3 के सम्बन्ध में **म. प्र. संशोधन व्य.प्र.स.** में इस प्रकार है :–

आ. 17 नि. 3 के पश्चात जोडना है –

"Provided that in a case where there is default under this rule as well as default of appearance under Rule 2, the Court will proceed under Rule 2 (M.P. Gaz. 27.8.1976).

धारा 141 व्य.प्र.स. का विस्तार :

ऊपर यह बताया गया है कि आ. 9 नि. 4 एवं आ. 9 नि. 8 का विस्तार कहां तक है। कुछ और विस्तार धारा 141 का देखा जाना उचित होगा। प्रथमतः धारा 141 व्य.प्र.स. के प्रावधान को देख लें।

धारा 141 प्रकीर्ण कार्यवाहियां : उस **प्रक्रिया का** जो वादों के विषय में **इस संहिता में उपबन्धित है,** सिविल अधिकारिता वाले किसी भी न्यायालय में की सभी कार्यवाहियों में वहां तक अनुसरण किया जाएगा जहां तक वह लागू की जा सके।

स्पष्टीकरण - इस धारा में 'कार्यवाही' शब्द के अंतर्गत आदेश 9 के अधीन कार्यवाही है, किन्तु इसके अंतर्गत संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन कार्यवाही नहीं है।

उक्त प्रावधान के अंतर्गत कुछ दृष्टांत देखने योग्य हैं।

हाजी रूस्तम अली विरूद्ध इमामुद्दीन ए.आई.आर. 1981 कलकत्ता पृष्ठ 81 में बताया है कि : यदि एक पक्षीय कार्यवाही निरस्त कर द्विपक्षीय कार्यवाही हेतु जो आवेदन पत्र दिया था वह भी अनुपस्थिति के कारण निरस्त हुआ हो तो उसे भी पुनः फाईल पर लेने हेतु आ. 9 के प्रावधान लागू होंगे।

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशनः

आ. 22 व्य.प्र.स., आ. 1 नि. 10 व्य.प्र.स. धारा 11 व्य.प्र.स. के लिए भी ये प्रावधान लागू होंगे प्रोबेट के संबंध में **ए.आई.आर. 1943 पटना,** जो कि ***(1910) 14 क. विकली नोट्स 924 रमानी वि. कुमुद*** पर आधारित था का निर्वचन यह माना जाना चाहिए कि आ. 9 नि. 9 के प्रावधान दुबारा प्रोबेट आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु अवरोध नहीं होंगे। अर्थात आ. 9 नि. 9 में प्रारम्भ में कहे अनुसार वादी के खारिज कर दिए जाने पर वादी उसी वाद हेतुक के आधार से नया वाद नहीं ला सकेगा जैसी रोक प्रोबेट में नहीं होगी। इसका यह अर्थ नहीं कि प्रोबेट के लिए आ. 9 नि. 3–4 या नि. 9 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। आधारभूत दृष्टांत ***बिमलकांता सेनगुप्ता विरूद्ध सरोजिनी कौर ए.आई.आर. 1985 कलकत्ता 275*** देखें। इसी संदर्भ में एक और दृष्टांत ***त्रिवेणी विरूद्ध शंकर, ए.आई.आर. 1971 पटना*** भी बताता है कि धारा 141 के प्रावधान प्रोबेट के संबंध में आ. 9 नि. 13 के आधीन भी लागू होते हैं। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के संबंध में धारा 141 व्य.प्र.स. के प्रावधान लागू होते हैं। देखें ***रामजी साव विरूद्ध जागेश्वरी ए.आई.आर. 1964 पटना 272.***

एच.के. दादा वि. स्टेट ऑफ एम.पी. ए.आई.आर. 1953 सु. को. 221 में आगे यह भी कहा है कि ये प्रावधान सारवान विषय (Substantive Rights) के संबंध में न होकर प्रक्रिया संबंधी (Matters of Procedure) विषय पर लागू होते हैं। यही बात बाद में ***पाटी विरूद्ध एस. चौधरी ए.आई.आर. 1957 सु.को. 540*** में कही गई। धारा 141 के प्रावधान अनुच्छेद 226 भारतीय संविधान विषय में भी लागू नहीं होते हैं।

आ. 9 नि. 3–4 एवं आ. 9 नि. 8 एवं 9 का संयुक्त प्रभाग।

आ. 9 नि. 4 की कार्यवाही यदि वादी/प्रार्थी नहीं करता है तो मर्यादा काल की सीमा के अधीन रहते वादी नया दावा, प्रार्थी नई कार्यवाही प्रस्तुत कर सकेगा। लेकिन आ. 9 नि. 8 के अंतर्गत न्यायालय ने वादी–प्रतिवादी के उपस्थिति के अभाव में दावा खारिज/डिक्री/आंशिक खारिज/डिक्री ले जाता है तो वादी नया दावा नहीं लगा पाएगा जैसा कि आ. 9 नि. 9 में कहा है। नियम 9 यह भी कहता है कि दावे को पुनः फाईल पर लाने की कार्यवाही हो सकती है।

कुछ न्यायदृष्टांत देखें। ***ए.आई.आर. 1983 गौहाटी 67 बसंत कुमार वि. नागचौधरी, ए.आई.आर. 1986 पंजाब 300*** में बताया है कि जहां उभय, पक्ष अनुपस्थित थे आ. 9 नि. 4 के प्रावधान लागू होंगे। (शर्त ये है कि प्रकरण साक्ष्य हेतु नहीं हो)।

ए.आई.आर. 1988 ओरिसा 44 एवं ***ए. आई.आर. 1992 राजस्थान 57*** के दृष्टांतों का संयुक्त प्रभाव यह है कि आ. 9 नि. 4 के अंतर्गत प्रकरण को पुनः फाईल पर लेने हेतु विपक्ष को सूचना पत्र का भेजा जाना आवश्यक नहीं है लेकिन प्रकरण को पुनः फाईल पर लेने पश्चात सूचना पत्र भेजा जाना अनिवार्य है।

यदि विशेष अधिनियम आ. 9 व्य.प्र.स. के प्रावधान लागू करने का अधिकार नहीं देते हैं तो उन न्यायालयों/ट्रियब्यूनलों के अधिकार सीमित है। यहां ***ज्योत्सना वि. बॉम्बे हास्पिटल 1999(2) एम.पी. वि.नो. 145 (सु.को.)*** में यही बात कही गई है कि Consumer Commission has no jurisdiction

to set aside reasoned ex-party order. No such jurisdiction has been provided under consumer protection Act. 1986.

ए.आई.आर. 1964 एम.पी. 171, ए.आई.आर. 1970 पटना 209, ए.आई.आर. 1974 पटना 176, ए.आई.आर. 1991 ओरिसा 283 में कहा है कि धारा 18 भू अर्जन अधिनियम की कार्यवाही में न्यायालय आ. 9 नि. 8 व्य.प्र.स. की कार्यवाही नहीं कर सकती। **ए.आई.आर. 1968 पंजाब 152 पूर्णपीठी। ए.आई.आर. 1988 गौहाटी 30** में कहा है कि इलेक्शन पीटिशन में आ. 9 नि. 8 व्य.प्र.स. की कार्यवाही हो सकती है।

प्रवर्तन कार्यवाहियों में धारा 141 व्य.प्र.स. के प्रावधान लागू नहीं होते है। जैसा कि ***डोक्कू वि. कद्रागड्डा ए.आई.आर. 1962 सु.को. 1886*** में बताया है। ***बालमुकुंद वि. प्रभाकर ए.आई.आर. नागपुर 305*** (खंडपीठ) में कहा है कि "The procedure in regard to suits is not applicable to execution proceedings. So the provisions of O. 9; O. 2 R. 2; O. 17, R. 2-3 etc. do not apply to applications for execution. There is thus no provision in the code of civil procedure setting out the conditions under which an execution application may be dismissed. It is however, clear that decree entitles the judgment crediter (Decree holder) to execute it through the agency of the court which either passed it or the court to which it is transmitted for execution. It thus becames the duty of the appropriate Court to execute the decree when application for that purpose is made. An order dismissing the application, when there is no default on the part of the decree holder, cannot, therefore be upheld, more so when S. 48 of the Code is likely to operate as a bar to making any further application for execution. (ध्यान रहे धारा 48 व्य.प्र.स. के प्रावधान परिसीमा अधिनियम की धारा 28 (1 जनवरी 1964) द्वारा निरसित किए है)। अर्थात जब तक मर्यादा काल रहेगा प्रवर्तन आवेदन पत्र बार बार प्रस्तुत हो सकेगा।

सीताराम वि. बापूराव, ए.आई.आर. 1953 नागपुर 153 आधारभूत सिद्धांत प्रतिपादित करता है। उसमें कहा है कि –

S. 141, C.P.C. does not apply to the proceedings u/s 144 (Restitution). Even assuming it does not then only procedural. part of the provisions of the code would be made applicable to a proceedings u/s 144 and not a provisions like that in order 9, rule 8 which enacts a rule of substantive law.

It is the duty of every court to ensure that it does not injury to a litigant and S. 144 C.P.C. lays down a procedure whereunder effect can be given to that general principle of law. Since the duty is cast on the court it must do it suo motu and the petition of party must be regarded as a reminder. There can be no numerical limitation to such petitions.

Where, therefore, an application for restitution is dismissed for default of the applicant but in presence of the non-applicant a fresh application is not barred.

एक अन्य महत्वपूर्ण दृष्टांत है **ए.आई.आर. 1990 जे.के. 79 एवं ए.आई.आर. 1988 कलकत्ता 358** जिसमें क्रमशः धारा 151 एवं 141 व्य.प्र.स. का चिन्तन करते हुए कहा है कि O. 9 read with

S. 141 applies to application for restoration of the miscellaneous case for restoration of the suit which was dismissed for default. It can be restored under S. 151 C.P.C.

समापन

मैं एक कदम आगे रखकर कहूँगा व करता रहा हूँ व कहूंगा कि दावा किसी भी स्थिति में कार्य के प्रारंभिक समय में ऐसा तो कभी भी नहीं करना चाहिए एवं शाम तक भी ऐसा न करते शाम को जाते जाते आदेश पत्र में लिखा जा सकता है कि इस समय शाम के 4.50 हो रहे हैं सुबह से कई बार पुकार लगाई गई कोई उपस्थित नहीं। प्रकरण उचित आदेश हेतु कल के लिए निर्धारित होता है। जो अधिवक्ता या पक्षकार भूलवश, गलत तिथि नोट करने के कारण बीते कल नहीं आ पाए थे आज आ जाएँगे। सामान्य रूप से अधिवक्ता के मुंशी भी शाम को प्रत्येक कोर्ट में जाकर तारीखें नोट करते हैं तब भी भूल ध्यान में आ सकती है।

दूसरी बात ये कि आप ऐसे प्रकरण खारिज करेंगे तो आप को कुछ भी प्राप्त होना नहीं है, यहां तक की यूनिट्स भी। प्रकरणों की इतनी अधिक संख्या होती है कि ऐसे प्रकरण खारिज करने से समुद्र से एक बिंदु भी कम नहीं होना है। विपरीत इसके खारिज किया प्रकरण पुनः फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र आएगा व यदि सब बातें सामान्य हो तो प्रकरण पुनः फाईल पर तो आएगा ही। ऐसा करने में हमारी मनोदशा सामने आएगी एवं हमारी अपरिपक्वता को हम अपने हाथों मुट्ठी अपनी मुट्ठी खोलकर उजागर कर रहे होंगे।

एक अन्य लेख आ. 9 नि 9 एवं आ. 9 नि. 13 व्य.प्र.श. के आवेदन पत्र के खारिज होने की स्थिति में मर्यादा काल क्या होगा इस पर लिखा है वह भी इस विषय का पूरक संदर्भ होगा।

एक बात ध्यान रखना। यदि हम दावा खारिज कर दें व उसी रोज आवेदन पत्र आए तो इससे बेहतर सद्भावना और क्या हो सकती है कि दावा पुनः फाईल पर ले लें। विचार सकारात्मक हो नकारात्मक नहीं।

यह भी ध्यान रखना कि आदेश 9 नि. 3 व्य.प्र.स. में दावा खारिज किया जाना अनिवार्य (Shall) नहीं है अपितु वह खारिज किया जा सकता है (May)।

एक अन्य लेख आ. 9 नि. 9 एवं आ. 9 नि. 13 व्य.प्र.स. के आवेदन पत्र के खारिज होने की स्थिति में मर्यादा काल क्या होगा इस विषय पर लिखा है वह भी इस विषय का पूरक संदर्भ होगा। यह लेख भी इसी पत्रिका में प्रकाशित हो रहा है

●

यत्न अपने आप में एक कर्म है।

यत्न की निरन्तरता कभी व्यर्थ नहीं होगी, यही सनातनता है।

अनुच्छेद 137 मर्यादा अधिनियम (आ. 9 नियम 9 एवं आ. 9 नियम 13 के आवेदन पत्रों के, पक्षकारों के अनुपस्थिति के कारण, निरस्त हो जाने के आधार पर पुनः स्थापन हेतु) मर्यादा काल

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

प्राक्कथन :

कुछ अवसरों पर कुछ कारणों से दोनों पक्षकारों के अनुपस्थिति में अथवा आवेदक की अनुपस्थिति में आ. 9 नि. 9 एवं आ. 9 नि. 13 व्य.प्र.स. के आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाते हैं। अर्थात गुणदोष पर निराकरण किए बिना ही वे निरस्त अथवा खारिज हो जाते हैं। ऐसा कब करना चाहिए एवं कब नहीं करना चाहिए इस विषय में एक लेख इसी पत्रिका में प्रकाशित हो रहा है उसी तारतम्य में यह प्रस्तुति पूरक रूप से की जा रही है। सुनवाई की तिथि एवं दावों का खारिज करना यह उस लेख का मुख्य मुद्दा है।

पता नहीं अपवादात्मक ठोस परिस्थितियों को छोड़कर हम क्यों करके सामान्य रूप से मूल प्रकरण या विविध प्रकरण तुच्छ आधारों पर पक्षकारों की अनुपस्थिति में खारिज कर देते हैं। यदि ऐसा करते हैं तो उस विषयक उपचारों की जानकारी भी होना चाहिए एवं विधि प्रावधानों की भी जानकारी होना चाहिए।

सम्बन्धित प्रावधानों का खुलासा :

अनुच्छेद 122, 123 एवं अनुच्छेद 137 मर्यादा अधिनियम के प्रावधान यहां त्वरित संदर्भ हेतु प्रस्तुत किए जा रहे हैं। धारा 141 व्य.प्र.स. के प्रावधान पूर्ववर्ती लेख में बताया है। फिर भी यहां दोहराया जा रहा है क्योंकि उसका भी यहां संबंध है। ये प्रावधान इस प्रकार हैं :–

मर्यादा काल

आवेदन का वर्ण एवं अनुच्छेद क्रमांक	परिसीमा काल	वह समय जबसे काल चलना आरंभ होता है।
122. उपसंजाति में व्यतिक्रम के कारण या अभियोजन के अभाव के कारण या आदेशिका की तामील के खर्चे देने में असफलता या खर्चों के लिए प्रतिभूति देने में असफलता के कारण खारिज किए गये **वाद** या **अपील** या **पुनर्विलोकन** या **पुनरीक्षण** के लिए आवेदन का प्रत्यावर्तन कराने के लिए।	तीस दिन	खारिज होने की तारीख।

123. एक **पक्षीय पारित डिक्री** को अपास्त कराने के लिए या **एक पक्षीय डिक्रीत** या **सुनी गई अपील की** फिर से सुनवाई के लिए। स्पष्टीकरण – सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, (1908 का 5) आदेश 5 के नियम 20 के अधीन प्रतिस्थापित तामील इस अनुच्छेद के प्रयोजन के लिए सम्यक् तामील नहीं समझी जाएगी।	तीस दिन	डिक्री की तारीख या जहां कि समन या सूचना की सम्यक् रूप से तामील नहीं हुई थी, वहा जब डिक्री का ज्ञान आवेदक को हुआ।
137. कोई **अन्य आवेदन** जिसके लिए इस खण्ड में **अन्यत्र कोई परिसीमा काल उपबंधित** नहीं है।	तीन वर्ष	जब आवेदन करने का अधिकार प्रोद्भूत होता है।
122. To restore a **suit** or **appeal** or **application for review** or **revision** dismissed for default of appearance or for want of prosecution or for failure to pay costs of service of process or to furnish security for costs.	Thirty days	The date of dismissal.
123. To set aside a **decree passed exparte** or to **re-hear an appeal decreed** or **heard** exparte. Explanation-For the purpose of this article, substituted service under Rule 20 of Order V of the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908) shall not be deemed to be due service.	Thirty days	The date of the decree or where the summons or notice was not duly served. when the applicant had knowledge of the decree.
137. **Any other application for which no period of limitation is provided elsewhere in this division.**	Three years	When the right to apply accrues.

धारा 141 व्य.प्र.स.

141. प्रकीर्ण कार्यवाहियां- उस प्रक्रिया का जो वादों के विषय में इस संहिता में उपबंधित है, सिविल अधिकारिता वाले किसी भी न्यायालय में की **सभी कार्यवाहियों में** वहां तक अनुसरण किया जाएगा जहां तक वह लागू की जा सके।

स्पष्टीकरण- इस धारा में 'कार्यवाही' शब्द के अंतर्गत आ. 9 व्य.प्र.स. के अधीन कार्यवाही है, किन्तु इसके अन्तर्गत संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन कार्यवाही नहीं है।

141. MISCELLANEOUS PROCEEDINGS-

The Procedure Provided in this Code in regard to suit shall be foliowed as far as it can be made applicable, in **all proceedings** in any Court of civil jurisdiction.

EXPLANATION- In this section, the expression 'proceedings' includes proceedings under O. IX, but does not include any proceeding under article 226 of the Constitution.

प्रावधानों का लागू होना :-

अनुच्छेद 122 एवं 123 को देखा जावे तो वे सीमित कार्यवाहियों के लिए लागू होते हैं यथा अनुच्छेद 122 दावा अथवा अपील अथवा रिक्यू अथवा रिव्हिजन आवेदन पत्र के सुनवाई के लिए उपस्थित न होने के कारण अथवा प्रोसेस–प्रोसेस फीस, खर्चे आदि जमा न करने के कारण।

अनुच्छेद 123 एक पक्षीय रूप से पारित डिक्री को अपास्त करने हेतु या एक पक्षीय रूप से पारित या सुनी गई अपील की फिर से सुनवाई के लिए है।

उक्त प्रावधानों को पढने से किसी भी दृष्टिकोण से यह मीमांसा नहीं की जा सकती की ये प्रावधान आ. 9 नि 9 एवं आ. 9 नि. 13 के अंतर्गत खारिज किए गए आवेदन पत्रों को पुनः फाईल पर लेने हेतु लागू होंगे। यहां महत्वपूर्ण अंतर समझना उचित होगा वो ये कि यदि ऐसे आवेदन पत्र खारिज हो गए हैं तो उन्हें दुबारा फाईल पर लाने हेतु प्रक्रिया (Procedure) वही होगी जो आ. 9 नि. 9 अथवा आ. 9 नि. 13 के आवेदन पत्र की प्रस्तुती हेतु होती है। यह केवल साम्यानुमानिक या सादृश्यमूलक अथवा प्रकारांतर रूप से (ॲनॉलॉजी) मात्र है। लेकिन जहां तक 'कार्यवाहियों' (Proceedings) का प्रश्न है अनुच्छेद 122–123 के प्रावधान लागू नहीं होंगे क्योंकि ऐसे आवेदन पत्र उन प्रावधानों में समाविष्ट नहीं है।

जहां पर अनुच्छेद 122 व 123 लागू नहीं होंगे वहां पर अवशेष अनुच्छेद (रेसि डयूअरी आर्टिकल) 137 मात्र लागू होना चाहिए।

इस संबंध में प्रतिनिधिक स्वरूप दृष्टांत देखने योग्य है। उक्त दृष्टांत पूर्ण रूप से पढने योग्य है। उसमें आ. 9 की कार्यवाहियां एवं धारा 141 में उल्लेखित कार्यवाहियों के संबंध में अंतर करके बताया है कि सारवान अधिकार एवं प्रक्रिया संबंधित अधिकारों को ध्यान में रखना होगा व तब ही प्रावधानों को लागू किया जा सकता है। वास्तव में आ. 9 नि. 9 व्य.प्र.स. या आ. 9 नि. 13 व्य.प्र.स. के आवेदन पत्र उपसंजाति के अभाव में निरस्त हो जाते हैं तो उन्हें धारा 151 व्य.प्र.स. के अंतर्गत ही पुनः फाईल पर लाने हेतु आवेदन देना होता है। उक्त दृष्टांत की कुछ बातें यहां बताई है। दृष्टांत का कुछ भाग यहां प्रकाशित कर रहा हूं।

पूरणचंद वि. कोमलचंद 1961 एम.पी.एल.जे. 1145 जे.एल.जे. 1165 **(डी.बी.) का दृष्टांत नत्थूप्रसाद वि. सिंघई कपूरचंद ए.आई.आर. 1976 म.प्र. पृष्ठ 136** द्वारा **ओव्हररूल्ड** कर दिया है लेकिन विषय वस्तु को समझने हेतु व पृष्ठ भूमि तैयार करने हेतु समझना उचित होगा। ओव्हररूलिंग की सीमा भी किसी हद तक देखने योग्य है लेकिन इस लेख में कुछ अंश प्रावधानों के समझने हेतु बताए जा रहे हैं वादी/प्रार्थी पूरणचंद का दावा 22.4.1959 का उपसंजाति के अभाव में खारिज हुआ।

अतः उक्त प्रकरण को पुनः फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र दिया जो 03–9–1959 को प्रस्तुत हुआ। वह उपसंजाति के अभाव में खारिज हुआ। अतः पुनः इस आवेदन पत्र को फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र 30.11.1959 को प्रस्तुत किया।

मर्यादा अधिनियम (1908) के अनुच्छेद 160, 163, 168 एवं 172 (पुराने) (नया अनुच्छेद 122) एवं अनुच्छेद 164.169 (पुराने) (नया अनुच्छेद 123) के लागू होने के संबंध में चिंतन है। नया अनुच्छेद 137 (पुराना 181) के विषय में भी इस दृष्टांत में खुलासा है।

उक्त निर्णय के चरण 6–7–8 व 9 को नीचे दिया जा रहा है वह इस प्रकार है।

Now, if as we think, the dismissal in default of an application for the restoration of a suit under O. 9 R. 9 CPC can be set aside by resort to Section 151 C.P.C. then there is no question of any limitation for an application made to invoke the inherent powers of the Court. Section 151 does not deal with any application; nor does it lay down procedure for any application. It is a provision recognising the inherent power of the Court to act ex debito justitiae. An application invoking this power is not one which a party is required to make under any provisions of the Code for setting in motion any machinery of the Court. Therefore it is not governed by Art. 181 or any other Article of Limitation Act. As has been held by the Supreme Court in ***Shah Mulchand and Co. Vs. Jawahar Mills Ltd. AIR 1953 SC 98.*** Article 181 governs only the applications under the Code of Civil Procedure and has to be read as if the words 'under the Code' were added in the first column of the Article. It follows therefore that the application contemplated by Art. 181 is one which party has to make for the machinery of the Court to be set in motion under the provisions of the Code and the application has to be made within three years from the date when the right to apply accrues.

Learned counsel for the opponent said that an application invoking the inherent powers under section 151 would be subject to the limitation prescribed by Article 163 of the Limitation Act. We do not agree. As an application made to invoke the inherent powers of the Court under Section 151 is not an application under the Code which a party is required to make, Article 163 has no applicability That apart, reading Articles 163 and 164 together it is clear that Article 163 prescribes limitation for an application to set aside the dismissal for default of a suit and not for an application to set aside the dismissal for default of an application for restoration of a suit under O. 9 R. 9 CPC. The view that an application invoking inherent powers of the Court under Section 151 CPC is not goverened by Art. 181 or any other Article of the Limitation Act is fortified by the decision in ***Goverdhan Vs. Hemrajsingh, ILR 1944 Nag 408 Anand Prasad Mitra Vs. Sushil Kumar, AIR 1942 Cal 390*** and ***Shyam Sunder Vs. Nilkantha Das, AIR 1956 Orissa 165.*** Though there is no limitation for invoking the inherent powers of the court under Section 151, the party invoking that jurisdiction must be diligent and not guilty of latches.

For all these reasons, our answer to the question referred to by the learned Single Judge is that the dismissal for default of an application for restoration of a suit under O. 9 R. 9 CPC can be set aside in exercise of the inherent powers of the Court under Section 151 CPC and that the exercise of inherent powers is not fettered by any rule of limitation.

उपरोक्त दृष्टांत के अतिरिक्त धारा 151 व्य.प्र.स. के आधार पर विचार किया जा सकता है। **व्य.प्र.स. के सन् 2000 का अंग्रेजी संस्करण** का **लेखक सरकार एवं मनोहर- प्रकाशक वाधवा एण्ड कम्पनी नागपुर** के आभार व्यक्त करते हुए पृष्ठ 711 का कुछ भाग प्रकाशित कर रहा हूं। वह संपादित भाग है व किसी सीमा तक परिपूर्ण भी।

Limitation- An application under's 151 invoking inherent powers of the court is neither an application within the Limitation Act nor one under the Code so as to attract Art. 137 of Limitation Act, though Art 137 will have to be read in a comprehensive manner to include all applications without the limitation of application under the Code (***Beeravu v. Kathiymma, A 1973 K 227*** (***R.K. Kajaria v. C Engineering &c, A 1972 C 381 rel on***). ***Dataram Jaganath Firm H U F v. M S Jagi, A 1990 Orissa (60, 164)*** A revision petition is not original proceedings. It is a proceeding of a civil nature and a petition to implead the legal representatives can be filed under S 151 applying the residuary article of the Limitation Act. [***Islamia College of Science and Commerce v. Gh. Hassan Balkhi, A 1989***) **J & K 35, 36**]. There is no limitation for invoking the inherent powers under's 151 but a party invoking that jurisdiction must be diligent and not guilty of laches **(Somar v. Kapil, A 1974 P 289** (***Pooranchand v. Kamalchand, A 1962 MP 64; Biswanath v. Amar, A 1962 C 110*** and ***Minnielal v. Majadeo, A 1949 P 112*** rel on). An application for restoration of an appeal dismissed for default for non compliance of the provisions of High Court rules is maintainable under s 151 and Art 122 and no art 137 Limitation Act applies to such application (***Bimala v. Patitapaban, A 1973 Or 169 FB***). An application under s 151 can be filed for restitution of an application to restore a suit dismissed for default (***B S Lamba v. M A Kanth, A 1990 J & K 79, 80***).

An application for substitution of heirs of the deceased in revision is in effect an application under S. 151 CPC and as such limitation therefor would be governed under Art. 137 of the Limitation Act (***S.K. Mcsood v. Wahid Ahmad Ansari,*** **1998 AIHC 602, 604 (All).** Order under S. 151 is not appealable. Revision is maintainable (***Zakinaben v. Babubhai, AIR 1999 Guj 118, 119***). Article 137 of the Limitation Act is not applicable to an application by the creditor requesting the court to appoint Auditor to arrive at amount payable by the debtor (***Jane Andrew Austin v. Branch Manager, State Bank, AIR 1999 Ker 136, 138***). The words "at any time" occuring in this section are meaningful and make clear that there is no period of limitation prescribed for filing such an application (***Surya v. Baldeva, 1999 AIHC 71, 73 (P&H)***.

ए.आई.आर. 1988 कलकत्ता 358 (विशेष पीठ) (***महिला नूरनाहर वि. रविन्द्रनाथ***) का दृष्टांत भी देखने योग्य है। उसमें भी **ए.आई.आर. 1976 मध्यप्रदेश 136** (पूर्व पीठ) (***नत्थू प्रसाद वि. सिंघई कपूरचंद***) का एवं उपर उल्लेखित **पूरणचंद वि. कोमलचंद** का संदर्भ भी दिया है।

प्रथमतः ***संतसिंह वि. मदनदास*** के दृष्टांत के चरण 15–16 को देखें जिसे ज्यों का त्यों प्रस्तुत किया जा रहा है। उसे समझा जा सकता है। उक्त हिस्सा इस प्रकार है :–

15. In our opinion, there is nothing in the wording of Order 43, Rule 1 (c), Civil P.C. to restrict it to rejection on merits. The words "rejecting an application" are comprehensive enough to include dismissal for default on rejection in any other situation whatever.

16. In ***Pooranchand v. Komalchand, AIR 1962 Madh Pra 64*** the Division Bench observed thus:

"It seems to us unnecessary to examine some decisions in which it has been held that an appeal lies under O. 43, R. 1 (c) from an order rejecting for default an application under Rule 9... These decisions and others... overlook the position that when an appeal is preferred against an order rejecting for default an application under Rule 9 for the restoration of a suit, the appeal is not against the order to set aside the dismissal of a suit within the meaning of O. 43, R. 1 (c), that Section 141 deals with procedure alone and not with any substantive rights, and that the remedy under O. 9, R. 9, Civil P.C. is not a matter of procedure but is a substantive right."

with greatest respect, it must be said that the Division Bench was not right when it said: "appeal is not against an order to set aside the dismissal of a suit". Indeed, clause (c) of Rule 1, Order 43, does not make appealable an order to set aside dismissal of a suit. In terms it applies to an order under Order 9, Rule 9 rejecting an application, and the phrase "for an order to set aside the dismissal of a suit" qualifies such "application". To put it differently, when an application is made for an order to set aside the dismissal of a suit and such an application is rejected by an order under O. 9 R.9 CPC in terms it falls under clause (c). Now when a suit is dismissal for default and an application is made for an order to set aside the dismissal, it is an application under Order 9, Rule 9, and an order passed on it is also under Order 9, Rule 9. However, there is one argument which we found attractive at first. That argument is this. Rule 9 of Order 9 provides :-

"If he satisfies the Court that there was sufficient cause for his non-appearance.... the Court shall make an order setting aside the dismissal".

It is necessarily implicit in this language that if he is unable to satisfy the Court that there was sufficient cause for his non-appearance, the Court shall reject his application. In other words, either there is satisfaction that there was sufficient cause, or there is satisfaction that there was no sufficient cause, and in either case, satisfaction will be on merits. However, on further reflection, we would not accept this argument inasmuch as the decision of the application will depend upon the satisfaction or want of satisfaction. Now, want of satisfaction can be either when the fact alleged in 'disproved' and also when it is 'not proved'. to employ the language of Section 3 of the Evidence Act. Therefore, when an application is dismissed for default, it is also a case where there is want of satisfaction of the existence of the alleged sufficient cause.

नत्थूप्रसाद वि. सिंघई कपूरचंद के दृष्टांत द्वारा ***पूरणचंद विरूद्ध कोमलचंद*** का निर्णय यद्यपि ओव्हररूल्ड कर दिया है परन्तु ये दोनों दृष्टांत व्य.प्र.स. सन् 1908 (पुराना अधिनियम) पर निर्भर रहे हैं। जबकि नए व्य.प्र.स. (1976) में संशोधित हुआ तथा धारा 141 का स्पष्टिकरण 01.02.1977 से लागू हुआ है की और विशेष रूप से ध्यान देते हुए ***ए.आई.आर. 1988 कलकत्ता 358 (स्पेशल बेंच) महिला नूरनहार वि. रविन्द्रनाथ*** में विचार किया गया है जो निर्णय के चरण 9 से भी ज्ञात होगा। मर्यादा काल के संबंध में विस्तार से खुलासा चरण 12 में किया गया है। **महिला नूर नहार** के दृष्टांत (**ए.आई. आर.**

1988 कलकत्ता 358) में पुनः सारवान अधिकार व प्रक्रिया संबंधी अधिकार पर चर्चा की गई है। **नूरनहार** के प्रकरण के चरण 10, 11 एवं 12 के कुछ अंश **ए.आई.आर. प्रकाशक** के आभार व्यक्त कर के यहां प्रस्तुत कर रहा हूँ। उससे ज्ञात होगा कि आ. 9 नि. 9 अथवा आ. 9 नि. 13 व्य.प्र.स. का आवेदन पत्र उपसंजाति के अभाव में खारिज होने पर उन्हे पुनः फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र संस्थित हो सकेगा व मर्यादा काल अनुच्छेद 137 के अंतर्गत ही लागू होगा न कि अनुच्छेद 122 के अंतर्गत। उक्त दृष्टांत निश्चित ही अध्ययन योग्य है जो 1976 के सी.पी.सी. के संशोधन पश्चात का है। ***धर्मनारायण वि. उपेन्द्रनाथ ए.आई.आर. 1994 कलकत्ता 231*** का दृष्टांत भी यही बात कहता है। उक्त दृष्टांत में भी कहा गया है कि आ. 9 नि. 9 का आवेदन पत्र निरस्त हो जाने पर भी उस आवेदन पत्र को पुनः फाईल पर लेने हेतु आवेदन पत्र धारा 151 व्य.प्र.स. के अंतर्गत दिया जा सकता है। धारा 141 व्य.प्र. स. का स्पष्टिकरण 01.02.1977 से लागू हुआ है।

एक अन्य दृष्टांत ***सईदा बेगम वि. अशरफ हुसैन ए.आई.आर. 1980 म.प्र. पृष्ठ 12*** भी देखने योग्य है जिसमें किस प्रकार के प्रकरणों में अनुच्छेद 137 मर्यादा अधिनियम लागू होने की बात बताई है। उक्त दृष्टांत का कुछ हिस्सा इस प्रकार है।

C.P.C. S. 141, O.9 R. 13 and O. 22 - Application for restoration, of suit dismissed indefault. Death of applicant - substitution of L.Rs. O. 22 C.P.C. not applicable and Limitation U/A 137 applicable and not U/A 120 of the Limitation Act.

नूर नहार वि. रविन्द्रनाथ ए.आई.आर. 1988 कलकत्ता पृष्ठ 358 विशेष पीठ के दृष्टांत के कुछ अंश इस प्रकार हैं –

Civil P.C. (5 of 1908), O.9, Rr. 4, 9 13, S. 141 - Ex parte decree of dismissal of suit. Application for setting aside of miscellanceous case arising out of application i.e. under Rr. 4, 9 or 13 of O. 9 dismissed for default. Application for restoration of such miscellaneous case is maintainable under O.9 read with S. 141 of Civil P.C. Limitation for such application for restoration would be governed by Art. 137. However High Court observed that amendment should be made so that such application would be governed by Art. 122 of Limitation Act. [Limitation Act (36 of 1963), Arts. 122, 137].

Where a miscellaneous case of setting aside ex parte decree or order of dismissal of suit, arising out of an application under Rr. 4, 9 or 13 of O. 9 was dismissed for default, the application for restoration of such miscellaneous case would be maintainable under O.9 read with S. 141. Whatever may be the nature of the proceedings initiated under O.9 of such proceedings are to be treated as miscellaneous proceedings within the meaning of S. 141 as amended in 1976. The 'proceedings' referred to in S. 141 are not confined to only original proceedings. The 'proceedings' under S. 141 are of wider amplitude. Also the conflict as to whether or not a proceeding under O. 9 will be miscellaneous proceedings as contemplated to S. 141 has now been set at rest by the Amendment Act of 1976. An explanation has been added to S. 141 by the Amendment Act of 1976 and within the expression "proceedings", the proceedings under O.9 have been specifically included. For such inclusive definition, it is immaterial whether the proceedings initiated on the basis of an application under O. 9 partakes the character of a substantive right or procedural matter.

As regards the limitation for filing the aforesaid application for restoration there is no specific provision in the Limitation Act 1963 and therefore such application for restoration would be governed by Art. 137 of the Act and be filed within a period of three years as prescribed therein. Although the period of limitation for making an application for restoration of a suit dismissed for default under O.9 is thirty days from the date of the order of dismissal the application for restoration of miscellaneous case arising out of such application under O. 9, when such Misc. Case is dismissed for default, is not governed by the provisions of Art. 122 of the Limitation Act in view of the fact that expressly in terms of the said Art. 122, the miscellaneous case arising out of an application under O. 9 is not attracted.

However, the High Court observed that when the period of limitation for making an application under O. 9 for setting aside an ex parte decree is only thirty days from the date of the impugned order, it is highly inequitable to allow a party to avail long period of three years under Art. 137 of the Limitation Act to make an application under O. 9 for setting aside the order of dismissal of an application made under O. 9 for setting aside ex parte decree. A party in whose favour an ex parte decree has been made cannot but suffer serious prejudice if the fate of the ex parte decree is allowed to hang indefinitely for three years by allowing the other party to make an application for setting aside the order dismissing the application for setting aside ex parte decree at any time within three years. Therefore Art. 122 of the Limitation Act requires suitable amendment so as to bring the application for setting aside the order of dismissal of the application made under O. 9 for setting aside ex parte decree within the scope and ambit of Art. 122.

समापन :

इस प्रकार इस विषय पर तार्किक दृष्टिकोण से व न्याय दृष्टांतों के आधार से विचार करने पर यह कहा जा सकता है कि आ. 9 नि. 9 अथवा आ. 9 नि. 13 का आवेदन पत्र गुण दोष से भिन्न स्थिति में किसी कारण खारिज हो जाने से उसे पुनः फाईल पर लेना हो तो धारा 141 के स्पष्टिकरण सहित सपठित धारा 151 व्य.प्र.स. के सिद्धांत के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत हो सकता है एवं उसके लिए मर्यादा काल अनुच्छेद 137 मर्यादा अधिनियम के अंतर्गत तीन वर्ष का होगा। ये सही है कि अनुच्छेद 122 मर्यादा अधिनियम का विस्तार संशोधन कर के ऐसे आवेदन पत्रों के लिए जो धारा 141 सपठीत धारा 151 व्य.प्र.स. के अंतर्गत ही प्रस्तुत किए जा सकते हैं तीस दिन का किया जाना न्याय संगत हो सकता है। धारा 141 एवं उसका स्पष्टिकरण सारवान अधिकार सम्बन्धी विधि के लिए अथवा केवल प्रक्रिया सम्बन्धी अधिकार के लिए लागू हो या न हो अथवा इस सम्बन्ध में धारा 104 एवं आ. 43 व्य.प्र.स. का विस्तार क्या है इस सम्बन्ध में अति तकनीकी बातों पर विचार करने के बजाय वास्तविक स्थिति क्या है इस विषय पर अधिक ज़ोर देना चाहिए क्योंकि 1976–77 के द्वारा धारा 141 में स्पष्टिकरण जोड़ देने से धारा 141 का विस्तार एवं क्षेत्र क्या है यह स्पष्ट कर दिया है। अतः वर्तमान में धारा 141 सपठित धारा 151 व्य.प्र.स. के अंतर्गत मर्यादाकाल ऐसे आवेदन पत्रों के लिए तीन वर्ष है ऐसा मानना अधिक तर्क युक्त लगेगा ऐसा कहा जा सकता है।

●

प्रशिक्षण सत्र में प्रश्न

प्रशिक्षण सत्रों में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 के न्यायाधीशों को कुछ पत्र बनाकर दिए थे ताकि उन प्रश्नों के माध्यम से भी उन्हें उचित प्रशिक्षण मिल सके। बानगी के रूप में यहां दो प्रश्न पत्र प्रस्तुत है। हम भी उन्हें पढ़ें समझे, उत्तर तैयार करें व यथा संभव मार्ग दर्शित करते रहे।

